राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 287, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 30 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा, जमानत याचिका निचली अदालत में क्यों नहीं दायर की .... पेज 03

संभल पुलिस ने किया बैंक में चोरी का खुलासा,दो सगे भाई सहित तीन गिरफ्तार .... पेज 05

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम इंग्लैंड को हराकर थॉमस कप के क्वार्टरफाइनल में .... पेज 07

## यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

नयी दिल्ली। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है।

यूजीसी नेट की परीक्षा की तिथि को 18 जून इसलिए किया गया क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी।

यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने सोमवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने यूजीसी-नेट जून 2024 के लिए परीक्षा की तारीख बढ़ाने का फैसला किया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) एक ही दिन में पूरे भारत में ओएमआर मोड में यूजीसी-नेट आयोजित करेगा।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सिटी परीक्षा केंद्र की सूचना के संबंध में अधिसूचना परीक्षा के 10 दिन पहले आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

## कनाडाई पीएम के सामने खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगे

### भारत ने कनाडाई राजदूत को तलब किया; कहा- आप हिंसा-उग्रवाद को बढ़ावा दे रहे

टोरंटो। कनाडा के टोरंटो में रविवार (28 अप्रैल) को खालसा दिवस और सिखों का नव वर्ष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के संबोधन के दौरान खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए। भारत सरकार ने इस पर नाराजगी जताते हुए कनाडा के डिप्टी हाई कमिश्नर को विदेश मंत्रालय में तलब करके नाराजगी जाहिर की।

विदेश मंत्रालय ने कहा- कनाडा के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में खालिस्तान समर्थक नारे लगाए गए। इस तरह के कार्यक्रम को बेरोक-टोक करने की अनुमति दिया जाना चिंताजनक है। कनाडा में एक बार फिर अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को राजनीतिक जगह दी गई है। यह गतिविधियां भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती हैं। साथ ही कनाडा में भारतीयों के साथ हिंसा के माहौल को बढ़ावा देती हैं।

### ट्रूडो ने कहा- सिखों के अधिकारों की रक्षा करेंगे



ट्रूडो ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वे कनाडा में रह रहे 8 लाख सिखों के अधिकारों और स्वतंत्रता की हमेशा रक्षा करेंगे। सिख कनाडा की सबसे बड़ी ताकतों में से एक हैं। हम अपने मतभेदों के बावजूद एकजुट हैं। जब हम इस विविधता को देखते हैं, तो हमें याद रखना चाहिए कि सिख समुदाय के मूल्य ही कनाडा के मूल्य हैं।

कनाडाई पीएम ने कहा कि वे देश का सुरक्षा ढांचा और मजबूत कर रहे हैं। गुरुद्वारों समेत सभी पूजास्थलों की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। कोई भी व्यक्ति बिना किसी चिंता के कनाडा में अपने धर्म का पालन कर सकता है।

कनाडाई पीएम ने कहा- मुझे पता है कि आप में से कई लोग भारत में मौजूद अपनों से ज्यादा बार मिलना चाहते हैं। यही कारण है कि हमारी सरकार ने भारत के साथ एक नए समझौते पर बातचीत की है। इससे दोनों देशों के बीच फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। हम अमृतसर समेत भारत के बाकी हिस्सों को कनाडा से जोड़ने के लिए फ्लाइट्स बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। खालसा दिवस के कार्यक्रम में ट्रूडो के अलावा वहां की विपक्षी पार्टियों के नेता पियरे पॉलिवर और जगमीत सिंह भी मौजूद थे। उनके भाषण के दौरान भी खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

## भीषण गर्मी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, 43 डिग्री तक पहुंचा पारा

### 1921 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी महसूस हुई है

नई दिल्ली। इस साल अप्रैल महीने में ही गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में सोमवार का दिन सबसे गर्म रहा। 1921 के बाद अप्रैल महीने में इतनी गर्मी महसूस हुई है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़े अभी से इस कदर परेशान कर रहे हैं, मानो अप्रैल नहीं जून का महीना चल रहा हो। इतनी गर्मी इसलिए भी चौंकाने वाली है क्योंकि इसने केरल, ऊटी, माथेरान और बेंगलुरु के उन हिस्सों को झुलसाया, जहां आमतौर पर सालभर मौसम खुशनुमा रहता है। कई स्थानों पर पारा 43 तक पहुंचा। मौसम विभाग ने अब मई महीने को लेकर भी भविष्यवाणी की है।

अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी ने देश के कई स्थानों में ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 1921-2024 के दौरान अप्रैल महीने में पड़ी गर्मी को लेकर डेटा जारी किया है। जिसके मुताबिक, रविवार शाम को



अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया। आईएमडी की मानें तो यह देश के कई हिस्सों के लिए यह अब तक का सबसे गर्म महीना हो सकता है।

मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि भीषण गर्मी ने लोकसभा चुनाव के मतदान पर भी काफी असर डाला है। पहले दो चरणों में मतदान प्रतिशत 60 से 62 प्रतिशत के आसपास रहा है। अगले चरण के लिए होने वाले मतदान से पहले मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की है कि अगले पांच दिन और भी ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है।

### लू के थपेड़ों को रहे तैयार

सोमवार को आईएमडी ने जानकारी दी कि पूर्वी और दक्षिणी प्रायद्वीपीय भारत में भीषण लू तक का असर देखने को मिल रहा है और अगले पांच दिनों के दौरान यह जारी रहेगा। चेतावनी जारी कि भीषण गर्मी का असर उन स्थानों पर सर्वाधिक रहेगा, जहां अगले दो चरणों में मतदान होना है। आईएमडी की भविष्यवाणी है कि अगले दो चरणों में मतदान के दौरान 191 सीटों में से 186 पर भीषण गर्मी देखने को मिल सकती है। इन स्थानों पर अगले पांच दिन तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में अगले पांच दिन गंभीर हीटवेव की संभावना है। इसके अलावा रायलसीमा, आंतरिक कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में भी लोगों को भीषण गर्मी झेलनी पड़ सकती है।

आईएमडी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, गर्मी इतनी प्रचंड है कि हीटवेव इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस तक महसूस किया जा रहा है। यहां तक कि केरल सहित पूर्वी तट और प्रायद्वीपीय क्षेत्र के कई हिस्सों में अलग-अलग क्षेत्रों में हीटवेव इंडेक्स 50 से 60 डिग्री सेल्सियस तक फील हुआ।

## मोदी आरक्षण खत्म कर छीन रहे गरीबों का हक : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरक्षण को हथियार बनाकर गरीबों का हक छीनने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह देश में आरक्षण की व्यवस्था को खत्म करना चाहते हैं। गांधी ने एक्स पर कहा, आरक्षण का मतलब है- देश में ग़रीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की न्यायपूर्ण भागीदारी। और नरेंद्र मोदी निजीकरण को अस्त्र बना कर आपसे ये हक़ छीन लेना चाहते हैं। इस बीच कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी आरक्षण को खत्म कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दिनों पहले तक नरेंद्र मोदी 400 पार का नारा दे रहे थे, लेकिन दो चरणों के चुनाव के बाद भाजपा की कलई खुल गई। भाजपा का संविधान बदलने और आरक्षण को ख़त्म करने का नापाक मंसूबा देश के सामने आ चुका है। हालात ये हैं कि श्री मोदी कांग्रेस के न्याय पत्र में जातिगत जनगणना की बात पर भ्रम फैला रहे हैं। उन्हें बताना चाहिए कि वह जातिगत जनगणना और आरक्षण के साथ हैं या खिलाफ हैं।

## एडीआर की रिपोर्ट-तीसरे फेज के 244 कैंडिडेट्स पर आपराधिक मामले

### 5 पर मर्डर, 24 पर हत्या की कोशिश का केस; 7 उम्मीदवार पूर्व में दोषी करार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में तीसरे चरण में 7 मई को वोटिंग है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इस फेज के 244 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इनमें से 5 पर मर्डर तो 24 पर हत्या की कोशिश का केस दर्ज है। 7 उम्मीदवार तो पहले किन्हीं मामलों में दोषी करार दिए जा चुके हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, तीसरे फेज में कुल 1352 कैंडिडेट मैदान में हैं, जिनमें 123 (9 प्रतिशत) ही महिला कैंडिडेट्स हैं। वहीं, 38 उम्मीदवारों के केस महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े हैं। 17 उम्मीदवारों पर हेट स्पीच (नफरती भाषण) के मामले हैं।

ये सारी जानकारी तीसरे फेज में उतरने जा रहे सभी कैंडिडेट्स के हलफनामे में सामने आई है। इन हलफनामों का एनालिसिस एडीआर और द नेशनल इलेक्शन वॉच ने किया है।

रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि प्रमुख राजनीतिक दलों में आपराधिक मामलों वाले लोगों में भिन्नता है। अभी जो आंकड़े आए हैं, वे भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी जैसे प्रमुख दलों के उम्मीदवार हैं।




### टॉप 3 अमीर उम्मीदवारों की संपत्ति 1300 करोड़ से ज्यादा

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, 392 यानी 29 प्रतिशत कैंडिडेट करोड़पति हैं। इसमें प्रति उम्मीदवार औसत संपत्ति 5.66 करोड़ है। टॉप 3 करोड़पति उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति कई सौ करोड़ से ज्यादा बताई है। तीनों की संपत्ति 1361 करोड़ से ज्यादा है। 639 यानी 47 प्रतिशत उम्मीदवारों की क्वालिफिकेशन 5वीं से 12वीं के बीच है। जबकि 591 यानी 44 फीसदी कैंडिडेट्स ग्रेजुएट या हायर एजुकेटेड हैं। 411 यानी 30 प्रतिशत उम्मीदवारों की उम्र 25-40 साल है। 712 यानी 53 प्रतिशत उम्मीदवारों की एज 41 से 60 साल है।

## गुजरात में लगातार दूसरे दिन ड्रग्स जब्त

### पोरबंदर के समुद्री इलाके से 163 किलो ड्रग्स पकड़ी, 2 पाकिस्तानी भी अरेस्ट

पोरबंदर। इंडियन कोस्ट गॉर्ड और गुजरात एटीएस ने लगातार दुसरे दिन सोमवार को अरब सागर की भारतीय सीमा में 163 किलो ड्रग्स जब्त की है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग करने वाले 2 पाकिस्तानी नागरिकों को भी गिरफ्तार किया है। ड्रग्स का यह जत्था मछलियों की आड़ मे छिपाकर लाया जा रहा था।

### कल ड्रग्स के साथ पकड़े गए थे 14 पाकिस्तानी

इंडियन कोस्ट गॉर्ड और गुजरात एटीएस ने संयुक्त ऑपरेशन के तहत रविवार को पोरबंदर के समुद्र तट से 600 किलो ड्रग्स जब्त की थी। इसकी कीमत 600 करोड़ रुपए से ज्यादा होने का अनुमान है। टीम ने ड्रग्स पैडलिंग



करने वाले 14 पाकिस्तानी पैडलर्स को भी गिरफ्तार किया है।

कुछ दिनों पहले गिर सोमनाथ पुलिस ने वेरावल शहर के घाट पर बहकर आई 350 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं जब्त की थीं। उसके बाद से ही दिल्ली नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो , गुजरात एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां पैडलर्स को पकड़ने के लिए ऑपरेशन चला रही हैं।

## कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस, सैकड़ों वीडियो मिले

### पूर्व पीएम देवगौड़ा के पोते प्रज्वल पर एफआईआर; पिता बोले- वीडियो 4-5 साल पुराने

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिर गया है। देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की एफआईआर दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया।

वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं।

कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है। इस बीच, कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया की तरफ से गठित एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। इसका नेतृत्व एडीजीपी वीके सिंह कर रहे हैं। डीजी सीआईडी सुमन डी पेन्नेकर और आईपीएस सीमा लाटकर भी एसआईटी में शामिल हैं।

### प्रज्वल के पिता बोले- जो वीडियो रिलीज हुए, वे 4-5 साल पुराने हैं



प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसा षड्यंत्र रचाया गया है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। प्रज्वल को पार्टी से निकालने का फैसला पार्टी हाई कमान लेगा।

रेवन्ना ने कहा कि राज्य सरकार को इस केस की जांच करने दीजिए। प्रज्वल वैसे भी विदेश जाने वाला था। पिछले 40 साल में कांग्रेस की सरकार में हमने कई जांच का सामना किया है। मैंने अब तक देवगौड़ा से इस बारे में बात नहीं की है। सारी कार्रवाई कानून के मुताबिक होगी।

### कुमारस्वामी बोले- चुनाव के समय पुराने मुद्दे क्यों उठाए जा रहे हैं?

मामले को लेकर देवगौड़ा के बेटे पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा- अगर किसी भी गलत काम में कोई शामिल है, तो उसे कानून के तहत सजा भुगतनी होगी। हालांकि, गौर करने वाली बात है कि इस वीडियो को अभी क्यों जारी किया गया है। इसे पहले क्यों नहीं जारी किया गया था। चुनाव के समय ही पुराने मुद्दे क्यों उठाए जा रहे हैं। इस वीडियो का लोकसभा चुनाव के रिजल्ट पर फर्क नहीं पड़ेगा। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि पूरे परिवार का नाम इसमें क्यों उछाला जा रहा है। इस मुद्दे पर कुमारस्वामी और देवगौड़ा का नाम नहीं आना चाहिए।

प्रज्वल के देश छोड़ने के सवाल पर कुमारस्वामी ने कहा- क्या वे हर रोज जहां जाते थे, मुझे बताकर जाते थे ? इस पर सरकार को जांच करने दीजिए। हम लोग साथ में नहीं रहते। अगर मुझे पहले पता होता तो मैं उसे रोकने की कोशिश करता।

**सड़क हादसा**

### पाथरी माता के दर्शन कर दिल्ली लौट रहे थे श्रद्धालु; मृतकों में 3 महिलाएं-1 बच्चा

## हरियाणा में पत्थर से टकराई कार, 4 लोगो की हुई मौत

सोनीपत। हरियाणा के सोनीपत में सोमवार सुबह श्रद्धालुओं से भरी ईको कार डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में 3 महिलाओं और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 6 लोग घायल हो गए। हादसा सोनीपत-गोहाना रोड पर करेवड़ी गांव के पास हुआ। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है।

शवों को सिविल अस्पताल भेजा गया है। दिल्ली के शाहबाद क्षेत्र के कुछ लोग ईको कार से पानीपत स्थित सिख पाथरी गांव में माता पाथरी वाली के दर्शन के लिए गए थे। दर्शन करने के बाद सुबह श्रद्धालु दिल्ली लौट रहे थे। करेवड़ी गांव के पास इनकी कार



अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पुलिया से टकरा गई।

कार के टकराने से जोरदार आवाज आई। इससे आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीयों ने लोगों को मुश्किल से बाहर निकाला गया। सूचना मिलने पर मोहाना थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। इसके बाद घायलों को खानपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

### प्रत्यक्षदर्शी बोला- किसी वाहन ने साइड नहीं मारी

प्रत्यक्षदर्शी कुलदीप कुमार ने बताया कि कार काफी स्पीड में आई और पत्थर से टकरा गई। शायद ड्राइवर को झपकी आई होगी। कार में 12 लोग सवार थे। कार की खिड़की काटकर लोगों को बाहर निकाला गया। आगे बैठी एक महिला की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। 2 ने बाहर निकालने के बाद दम तोड़ दिया। करीब 6 लोगों को अस्पताल ले जाया गया है।

ईको वैन में सवार लोगों की पहचान संतरा देवी (55), उसकी बेटी पूजा व कविता (38), दामाद सत्ते व अशोक, सत्ते का बेटा दिव्यांश (3 माह), बेटी वाणी (16) व चीकू (6), अशोक की बेटी दीशू व बेटा प्रिंस और पड़ोसी की लड़की गौरी सभी निवासी शाहबाद दिल्ली के रूप में हुई है।

### गुरुग्राम से दर्शन कर आए थे

बताया गया है कि पाथरी जाने से पहले ये सभी कार में सवार होकर गुरुग्राम में माता शीतला देवी के दर्शन करने गए थे। ईको धर्मबीर चला रहा था। वह रविवार शाम को गुरुग्राम गए थे। वहां माता के दर्शन करने के बाद इनका प्रोग्राम पानीपत जिले में स्थित सीक पाथरी माता के दर्शन का बन गया। गुरुग्राम से सीधे सीक पाथरी पहुंचे और सुबह लौटते समय हादसा हो गया।

## सोनमर्ग में एवलांच, 1 की मौत

### पिछले 36 घंटे से बारिश-बर्फबारी जारी; आज भी यही स्थिति बनी रहेगी

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग के सरबल इलाके में एवलांच आया है। माछिल में भारी बर्फबारी के चलते बीते 24 घंटे में बर्फ की 12 से 15 इंच मोटी परत जम गई है। अगले 8 घंटे में कई जगहों पर भारी बारिश और ओले गिरने और ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की आशंका है।

कश्मीर में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश-बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी की स्थिति बनी रहेगी। श्रीनगर प्रशासन ने लोगों को झेलम नदी और डल झील समेत अन्य नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। रामबन के करूल इलाके में 13 साल के एक लड़के की लैंडस्लाइड से



मौत हो गई। वहीं, रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद हो गया है। इससे पहले 26 अप्रैल को भी रामबन-गूल रोड पर लैंड स्लाइड हुआ था। इसके चलते करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंस गई और रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं।

इधर, देश में तेज गर्मी का असर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है।

## शार्ट न्यूज

### भारत की ताकत पूरी तरह से मोदी के नेतृत्व में निहित है

भद्राद्रि कोठागुडेम (तेलंगाना)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि भारत की ताकत विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन पर निर्भर है। श्री नड्डा ने यहां कोठागुडेम में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए, दक्षिण की अयोध्या के रूप में प्रतिष्ठित भद्राद्रि राम को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कांग्रेस शासन के अपरिहार्य परिणाम के रूप में उपजे भ्रष्टाचार के खात्मे पर प्रकाश डालते हुए दोहराया कि भारत का लचीलापन आंतरिक रूप से श्री मोदी के नेतृत्व से जुड़ा हुआ है। भाजपा अध्यक्ष ने जनजातीय विकास के लिए मोदी प्रशासन की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया और बीआरएस शासन के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की निंदा की। उन्होंने मौजूदा कांग्रेस सरकार को नाकारा बताया और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव तथा द्रमुक पार्टियों जैसे लोगों पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाते हुए इंडिया समूह की निंदा की। कांग्रेस को घोटालों और वंशवादी राजनीति की पार्टी करार देते हुए, श्री नड्डा ने भाजपा को भारी जनसमर्थन का हवाला दिया और पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर विश्वास जताया।

### मोदी को भारत की बेटियों से माफी मांगनी चाहिए

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख एवं हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कर्नाटक के हासन से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना के पक्ष में वोट मांगने के लिए भारत की बेटियों से माफी मांगनी चाहिए, जिन पर कथित तौर पर घटिया वीडियो बनाकर महिलाओं को ब्लैकमेल करने का आरोप है। एआईएमआईएम प्रमुख ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री ने मैसुरु में हासन से राजग के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया। इस उम्मीदवार पर महिलाओं का यौन शोषण करने और उनके साथ जबरदस्ती करने, उन्हें ब्लैकमेल करने के लिए हजारों वीडियो बनाने का आरोप है। उन्होंने कहा कि भाजपा को इस व्यक्ति की पृष्ठभूमि के बारे में पता था और प्रधानमंत्री ने फिर भी उसका समर्थन किया। ओवैसी ने कहा, मोदी के नारी शक्ति, मंगल सूत्र की रक्षा आदि के दावों का क्या हुआ? उन्होंने यह जानकारी दी कि रेवन्ना अब कथित तौर पर भारत से भाग गये हैं।

### विधानसभा से हटाये गये तदर्थ कर्मियों के मामले में नहीं हुई सुनवाई

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा से हटाये गये 232 तदर्थ कर्मियों के मामले में सोमवार को सुनवाई नहीं हो पायी। इस मामले में अब 08 मई की तिथि मुकर्रर की गयी है। विधानसभा से हटाये गये तदर्थ कर्मियों के मामले में सुनवाई अंतिम दौर में है। न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की एकल पीठ इस प्रकरण में सुनवाई कर रही है। इससे पहले याचिकाकर्ताओं की ओर से उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता देवदत कामत की ओर से मैराथन सुनवाई करते हुए अपना पक्ष रख रखा। इसके बाद विधानसभा सचिवालय को पक्ष रखने का मौका दिया गया। विधानसभा सचिवालय की ओर से अधिवक्ता आनंद मोहन तिवारी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सभी नियुक्तियां अवैध और असंवैधानिक हैं। सचिवालय को तदर्थ कर्मियों को हटाने का अधिकार है। कोटिया कमेटी की संस्तुति के आधार पर कर्मियों को हटाया गया है। इसके जवाब में याचिकाकर्ताओं की ओर से पुन: बहस के लिये अदालत से समय मांगा गया। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। इसी क्रम में याचिकाकर्ताओं की ओर से अपना पक्ष रखा जाना था लेकिन कतिपय कारणों से आज इस प्रकरण में सुनवाई नहीं हो पायी।

### भाजपा ने की मुख्यमंत्री रेड्डी की आलोचना

हैदराबाद। तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रवक्ता रानी रुद्रमा ने सोमवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की तीखी आलोचना की और उनकी बयानबाजी की तुलना याचक से की। राज्य पार्टी कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुये, श्रीमती रुद्रमा ने मुख्यमंत्री पर धार्मिक और जाति-आधारित भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि श्री रेड्डी की हरकतें एक आतंकवादी जैसी हैं, उन्होंने रेड्डी पर भाषणों के माध्यम से झूठ फैलाने का आरोप लगाया। रुद्रमा ने कहा कि विकास को बढ़ावा देने के बजाय मुख्यमंत्री राज्य में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के बीच भय पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर अमित शाह और बंदी संजय द्वारा दिये गये बयानों की चर्चा करते हुए रुद्रमा ने रेड्डी पर जानबूझकर नफरत भड़काने का आरोप लगाया। रुद्रमा ने कसम खाई कि भाजपा यह सुनिश्चित करने के लिये संघर्ष करेगी कि आरक्षण सही तरीके से पिछड़े वर्गों को आवंटित किया जाये और कांग्रेस पर धोखे से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। रुद्रमा ने रेड्डी के अभियान को झूठा बताते हुए मात्र संसदीय चुनावों में जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रेरित बताया।

### हिमाचल में 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

शिमला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया हैं। शिक्षा बोर्ड ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से रिजल्ट की जानकारी दी है। बोर्ड की ओर से तीनों स्ट्रीम कॉमर्स, आर्ट्स व साइंस का परिणाम घोषित किया गया है। इस साल का परिणाम 73.76 रहा जो पिछले साल की तुलना में छह फीसदी कम है। पिछले साल परीक्षा परिणाम 79.74 फीसदी रहा था। अहम बात यह है कि महज 25 दिनों में ही बोर्ड ने उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया है। टॉप-10 की बात की जाए तो 41 में से 30 बेटियों ने इस लिस्ट में जगह बनाई है। बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा व सचिव मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि प्रमाण पत्र भी डिजी लॉकर से 24 घंटे बाद डाउनलोड की जा सकते हैं। इस बार 12वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 85777 छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से 63092 छात्र पास हुए हैं। मेरिट लिस्ट में पब्लिक स्कूल के 31 विद्यार्थी ने अपना स्थान बनाया है। सरकारी स्कूल के भी 10 विद्यार्थियों ने टॉप-10 में अपनी जगह बनाई है। पिछले तीन वर्षों की प्रतिशतता की बात करें तो यह सबसे कम है। 2021 में परीक्षा परिणाम 92.70 फीसदी रहा था। वही 2022 में 93.90 फीसदी व 2023 में 79.04 रहा था। लिहाजा 2024 में पास प्रतिशत था सबसे कम रही है।

### 12 साल के पैराग्लाइडर की दुखद मौत, हार्टकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान



शिमला। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने स्वयं के प्रस्ताव पर 12 वर्षीय लड़के अदविक की मौत का स्वत: संज्ञान लिया, जिसकी हिमाचल प्रदेश में पैराग्लाइडिंग साइट पर मृत्यु हो गई थी। मामले को जनहित याचिका में परिवर्तित करते हुए न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने कहा कि हाल ही में एक मीडिया हाउस ने 12 वर्षीय लड़के की दुर्भाग्यपूर्ण मौत की घटना को उजागर किया, जो अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ बेंगलुरु से हिमाचल का दौरा करने आया था। कोर्ट ने 17 जनवरी को पारित 14 पेज के आदेश में कहा, जिसकी प्रति हमारे पास भी है, राज्य हमेशा से एक रहा है। यह पर्यटन स्थल काफी लोकप्रिय है और कोविड-19 महामारी के दौरान इसका महत्व कई गुना बढ़ गया है। हाल ही में अन्य साहसिक खेलों, नौकायन और मोटर और संबद्ध साहसिक गतिविधियों में हुई दुर्घटनाओं पर विचार करते हुए उपरोक्त गतिविधियों को भी शामिल करते हुए इस याचिका का दायरा बढ़ा दिया।

# 15 जून तक यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट




> सरकार ने लगभग 400 करोड़ खर्च कर हुए जेवर के किसानों से जमीन का अधिग्रहण कर छह लेन के एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शुरू करा दिया था। 80 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया है। यमुना एक्सप्रेस-वे के ऊपर बनने वाले ओवरब्रिज और इंटरचेंज पर पिलर लगाने का काम पूरा कर गार्डर रखे जा रहे हैं। जल्द काम पूरा करते हुए दिल्ली व आगरा से कनेक्टिविटी शुरू करा दी जाएगी।
>
> **- अभय कुमार सिंह उपजिलाधिकारी, जेवर**

जेवर। जेवर में तैयार हो रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 15 जून तक यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा जबकि हवाई अड्डे से दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी के लिए अभी इंतजार करना होगा। दोनों को जोड़ने वाले 31 किमी लंबे ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का काम हरियाणा सीमा में शुरू तक नहीं हो पाया है।

अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अक्तूबर में यात्री उड़ानें शुरू हो जाएंगी। इससे पहले हवाई अड्डे की प्रमुख शहरों से सीधे कनेक्टिविटी के लिए सड़क मार्गों से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। 15 जून तक यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज बनाकर इसे यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया जाएगा। जिससे दिल्ली और आगरा जैसे शहरों से एयरपोर्ट की सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी।

निर्माणकर्ता कंपनी ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने वाले इस हिस्से का 80 प्रतिशत काम हो चुका है बाकी को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए हरियाणा के बल्लभगढ़ से एयरपोर्ट तक ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) कर रहा है। इसका 22 किमी का हिस्सा हरियाणा में और 9 किमी का हिस्सा उत्तर प्रदेश की सीमा में तैयार होना है। हरियाणा वाले हिस्से में काम शुरू नहीं हो सका है।

राहत की बात है कि उत्तर प्रदेश की सीमा में किसानों से जमीन अधिग्रहण के बाद इस पर तेजी से काम चल रहा है। यह रास्ते में पड़ने वाले यमुना एक्सप्रेसवे के ऊपर से गुजरेगा। यमुना एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी देने के लिए यहां इंटरचेंज भी बनाया जा रहा है। करीब 2114 करोड़ की लागत से इस एक्सप्रेसवे का निर्माण सितंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया था।

### एंट्री प्वाइंट और कट की मांग पर अटका है काम

ग्रीनफील्ड एक्सप्रसेवे का निर्माण कर रही कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि फरीदाबाद-बल्लभगढ़ बाईपास केएमपी लिंक से दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस के इंट्री प्वाइंट व मोहना पर कट की मांग व कुछ अन्य मांगो को लेकर किसान विरोध पर अड़े हुए हैं। साथ ही यमुना पर पुल निर्माण में हरियाणा की तरफ से काम शुरू न होने के चलते परेशानियां आ रही है।

# कॉलोनी में साफ-सफाई न होने से महिलाओं में आक्रोश

**नाराज महिलाओं ने दनकौर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी और अध्यक्ष के कार्यालय में डाला कूड़ा**



जेवर। दनकौर कस्बे की टीचर्स कॉलोनी की महिलाओं ने कई दिन से कूड़े की साफ सफाई नही होने से नाराज होकर नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी व अध्यक्ष के कक्ष में सोमवार को कूड़ा डालकर विरोध जताया है। महिलाओं ने कक्षों में कूड़ा डालने के बाद परिसर में करीब एक घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद नगर पंचायत कर्मियों ने जल्द साफ सफाई का काम शुरू कराने का आस्वाशन देकर महिलाओं को शांत किया।

महिलाओं ने बताया कि टीचर्स कॉलोनी में पिछले कई दिन से नगर पंचायत का कोई सफाईकर्मी नहीं पहुंच रहा है। कूड़ा उठाने का वाहन भी नही पहुंचने से गलियों में घरों के बाहर कूड़ा इकट्ठा हो गया है। कई बार नगर पंचायत अधिकारी व अध्यक्ष को फोन कर शिकायत की गई, लेकिन कर्मियों की चुनाव में ड्यूटी होने का बहाना लगाकर टरका दिया जाता। एकत्रित कूड़े की दुर्गंध से परेशान होकर कॉलोनी की महिलाओं ने गलियों से कूड़ा बाल्टी व डिब्बों में भर लिया और नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंच गईं। महिलाओं के हाथ में कूड़े से भरे डिब्बे देखकर कर्मचारी कार्यालय से भाग निकले। महिलाओं ने अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष के कक्ष में कूड़ा पलट दिया। अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए महिलाएं परिसर में ही धरने पर बैठ गईं। कर्मियों के अलावा अध्यक्ष व अधिकारी दोनों ही कक्ष से गायब थे।

करीब एक घंटे बाद हिम्मत जुटाकर एक कर्मचारी महिलाओं से वार्ता करने पहुंचा। उसने महिलाओं को जल्द कॉलोनी की साफ सफाई करने और सुचारू रूप से सफाईकर्मी भेजने का भरोसा दिया।

# युवक को गोली मारने के मामले में प्रेमिका के भाई पर केस

नोएडा। यमुना पुस्तो रोड पर रविवार को टेंट हाउस में काम करने वाले टेंपो चालक को गोली मारने के मामले में पीड़ित की प्रेमिका के भाई के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सेक्टर-126 थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीन कुमार रविवार की रात को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनका सेक्टर-93 में लक्ष्मण टेंट हाउस है। उनके वहां पर 28 वर्षीय रिंकू निवासी बदायूं छह वर्षों से टेंपो चालक है। वह रविवार रात को टेंट हाउस का सामान लेने के लिए सेक्टर-137 गया था। वापस लौटते समय यमुना पुस्ता रोड पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे गोली मार दी। उसके साथ टेंपो का खलासी सरोज भी था। उसने टेंट के मालिक को इसकी सूचना दी। प्रवीन कुमार और उनके भाई जितेंद्र कुमार ने रिंकू को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया और पुलिस को सूचित किया।

थाना प्रभारी ने बताया कि प्रवीन कुमार ने घायल रिंकू की प्रेमिका पूजा के भाई पर उसे गोली मारने का शक जाहिर कर मुकदमा दर्ज करवाया है। रिंकू के दूर के मामा की शादीशुदा बेटी पूजा से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह दिल्ली के मदनपुर खादर में रहती है। रिंकू तीन माह पहले पूजा को मदनपुर खादर से अपने साथ नोएडा लाया था।

# प्राधिकरण ने 82 करोड़ की जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**डूब क्षेत्र और एक गांव की जमीन पर हो रही थी प्लाटिंग, अवैध निर्माण पर एफआईआर दर्ज**

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से अवैध निर्माण को लेकर सख्त कदम उठाए जा रहे है। सोमवार को प्राधिकरण की टीम ने 82 करोड़ रुपए की जमीन को कब्जा मुक्त कराया। इन जमीन पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर यहां अवैध रूप से प्लाट काट कर निर्माण किया जा रहा था। सूचना मिलने पर प्राधिकरण की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। यहां जेसीबी की मदद से अवैध रूप से बने कमरे, दुकान और प्लाट की चारदीवारी को ध्वस्त किया।

प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने बताया कि हिंडन पुल के पास पर्थला खंजरपुर के डूब क्षेत्र में करीब 8000 वर्गमीटर जमीन पर अतिक्रमण कर्ता ने चारदीवारी, करने और दुकान बने थे। प्राधिकरण की भू लेख, वर्क सर्किल और पुलिस की टीम ने जेसीबी की मदद से उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। इस जमीन की बाजार कीमत करीब 48 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। वही ग्राम बसई के खसरा संख्या 59, 60,61, 62 सेक्टर-68 ये जमीन मास्टर प्लान के अनुसार पार्क के लिए नियोजित है। इस जमीन पर अवैध निर्माण किया गया।



प्राधिकरण ने इस जमीन को खाली कराया। इसकी कीमत करीब 34 करोड़ रुपए है। वहीं सेक्टर-48 में मदर हुड अस्पताल के सामने किए जा रहे अवैध निर्माण को मौके पर रोका गया। इसकी शर्टिंग को गिराया गया। साथ ही ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी करते हुए सर्किल-3 के द्वारा संबंधित थाने में अतिक्रमण कर्ता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। सीईओ ने स्पष्ट कहा कि नोएडा में किसी तरह का अवैध निर्माण होने नहीं दिया जाएगा। साथ ही जहां भी अवैध निर्माण है उसे ध्वस्त किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में प्रदर्शन

**बिजली सप्लाई गुल होने पर लोगों ने किया प्रदर्शन, नारेबाजी भी की**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में आधी रात में निवासियों ने जमकर प्रदर्शन किया। रात में रोजाना बिजली कटौती होने के चलते और अन्य समस्याओं को लेकर निवासियों ने एओए व प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। साथ ही सोसाइटी के लोगों ने इस मामले में बिसरख थाने में एक शिकायत बीबी दी।

रविवार रात को ग्रेटर नोएडा वेस्ट की आम्रपाली लेजर पार्क सोसाइटी में हंगामा देखने को मिला। रात करीब 11:00 बजे अचानक से बिजली चली गई, जिसकी वजह से पूरी सोसाइटी में अंधेरा छा गया। सोसाइटी के लोगों ने बताया कि पिछले कई महीने से इसी तरह के हालात में वह लोग जी रहे हैं।




### दो से तीन घंटे के लिए चली जाती है लाइट

दो से तीन घंटे के लिए लाइट चली जाती है और पूरी सोसाइटी में अंधेरा छा जाता है। इस दौरान लिफ्ट तक भी बंद हो जाती है।

प्रबंधन और एओए की तरफ से इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की जाती, ना तो उनकी तरफ से पावर बैकअप दिया जाता है और ना ही जनरेटर को चालू किया जाता है. इसकी वजह से रेजिडेंट्स को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### सोसाइटी में करीब 1600 फ्लैट

सोसाइटी में रहने वाले मनीष राय ने बताया कि हमारी सोसाइटी में करीब 1600 फ्लैट है, जिनमें करीब 1000 फ्लैट में लोग रह रहे हैं और पिछले कई महीने से हम परेशानी झेल रहे हैं। मोटा मेंटेनेंस चार्ज देने के बाद भी हमें मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही है, उल्टा परेशानियां सामने आ रही हैं।

वही सोसाइटी के लोगों ने पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि हम लोग पिछले दो-तीन महीने से निर्वाचित एओए की गैर जिम्मेदाराना सेवाओं से परेशान है. जिसमें समय-समय पर बिजली की कटौती, पानी की समस्या, सिक्योरिटी टीम का अभाव, क्लब हाउस ना शुरू होने की परेशानी और उसके अलावा सोसाइटी में अन्य परेशानी है।

इन सब परेशानियों के बावजूद हमसे हर महीने मेंटेनेंस भी लिया जाता है और यह मेंटेनेंस चार्ज आसपास की सोसाइटियों से भी ज्यादा है। इस मामले में सोसाइटी के निवासियों ने पुलिस से न्याय करने की गुहार लगाई है।

# सेक्टर-122 में सफाईकर्मियों की हड़ताल गंदगी के ढेर लगे

नोएडा। सेक्टर-122 में सफाईकर्मी पिछले 14 दिनो से हड़ताल पर हैं। इसके चलते सेक्टर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां पर गंदगी के ढेर लग गए हैं। आरडब्ल्यूए ने इस मामले में प्राधिकरण के अधिकारियों से वार्ता की और हड़ताल को समाप्त कराकर सफाई व्यवस्था को सुचारु कराने गुहार लगाई। सेक्टर-122 की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष डॉ. उमेश शर्मा ने कहा कि उनके सेक्टर में 33 सफाईकर्मी हैं। पिछले 14 दिनों से ये कर्मचारी हड़ताल पर हैं। उनका आरोप है कि ठेकेदार द्वारा उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया। उनके पास खर्चे के लिए भी रुपये नहीं हैं। इस संबंध में उन्होंने ठेकेदार से वार्ता की तो ठेकेदार ने कहा कि प्राधिकरण ने उन्हें अब तक भुगतान नहीं किया है तो वह कैसे सफाईकर्मियों के बकाये का भुगतान कर दें। सेक्टर के लोगों का कहना है कि इस हड़ताल के कारण सेक्टर की सफाई नहीं होने से सड़कों और चौराहों पर गंदगी का अंबार लग गया है। गंदगी और दुर्गंध से लोगों का जीना मुहाल है। गंदगी से नालियों के चौक होने से मच्छर पनप रहे हैं। आरडब्ल्यूए की ओर से प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात कर सेक्टर की सफाई कराने और हड़ताल को समाप्त कराने के लिए कहा गया है। प्राधिकरण का इस संबंध में कहना है कि वह ठेकेदार से वार्ता कर सफाईकर्मियों का भुगतान कराकर शीघ्र ही हड़ताल को समाप्त कराकर सेक्टर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएंगे।

# हिमाचल के कई हिस्सों में बारिश व हिमपात, तापमान में गिरावट

शिमला। हिमाचल प्रदेश में मौसम विभाग का अनुमान सही साबित हुआ है। 'ओरेंज अलर्ट' के बीच राज्य के कई हिस्सों में रविवार देर रात से बारिश और हिमपात हो रहा है। लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू और चम्बा के उच्च पर्वतीय इलाके बर्फ से लकदक हो गए हैं। कोकसर, हंसा और केलांग में हिमपात का सिलसिला जारी है। रोहतांग दर्रे पर भी बर्फ गिर रही है। वहीं राज्य के मध्यवर्ती व मैदानी इलाकों में गरज-चमक के साथ बादल बरस रहे हैं। बारिश-हिमपात से राज्य में पारा गिर गया है और अप्रैल के अंतिम दिनों में भी लोग दिसम्बर जैसी ठंड महसूस कर रहे हैं।

राजधानी शिमला समेत पर्वतीय इलाकों में ठंड से बचने के लिए लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है।

समर सीजन में गर्मी के थपेड़ों से बचने के लिए शिमला घूमने आ रहे सैलानियों को विंटर सीजन का अहसास हो रहा है।

राज्य के कुछ स्थानों पर भारी ओलावृष्टि से सेब समेत अन्य फलदार पौधों को नुकसान पहुंचा है। इन दिनों फ्लॉवरिंग से सेब विकसित हो रहा है। ओलावृष्टि ने सेब के पत्तों को छलनी कर दिया है। इसी तरह मैदानी भागों में बादलों के बरसने से गेहूं की कटाई का कार्य प्रभावित हुआ है। गेंहू की फसल के भीगने से इसके खराब होने का खतरा बढ़ गया है। निचले जिलों हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, मंडी और कांगड़ा में इन दिनों गेहूं की कटाई का काम चल रहा है।

मौसम विभाग ने पहली मई तक मौसम के खराब रहने की संभावना जताई है। वहीं अगले 24 घण्टों के दौरान राज्य में बारिश, हिमपात और अंधड़ चलने का 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से अंधड़ चलने की चेतावनी भी दी गई है।

दो व तीन मई को मौसम के साफ रहने के आसार हैं। चार व पांच मई को फिर बारिश और ओलावृष्टि का 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।

# एमपी में राजगढ़, विदिशा व गुना लोकसभा क्षेत्र पर सबकी नजर

**पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाग्य का होगा फैसला : रोचक हुई तीसरे चरण की लड़ाई.!!**

**पंकज पाराशर छतरपुर**

मध्य प्रदेश में दो चरण का मतदान संपन्न होने के बाद अब मध्य प्रदेश में लड़ाई तीसरे चरण पर आ गई है। इस चरण में प्रदेश की कई हॉट सीटों पर मतदान होना है जिसमें प्रदेश के धुरंधरों के भाग्य का फैसला होना है। इस चरण में कई हाई प्रोफाइल सीटें शामिल हैं, जिनमें प्रदेश के कई कद्दावर नेताओं के भाग्य का फैसला होगा। इसमें विदिशा से शिवराज सिंह चौहान, राजगढ़ से दिग्विजय सिंह और गुना-शिवपुरी से ज्योतिरादित्य सिंधिया मैदान में हैं। तीनों सीटों पर तीसरे चरण में मतदान कराया जाएगा।

### रोचक हुई राजगढ़ की लड़ाई......

राजगढ़ की चुनावी लड़ाई काफी दिलचस्प हो चली है, जहां से एक ओर दिग्विजय सिंह लगातार क्षेत्र में यात्राएं कर प्रचार में जुटे हुए हैं तो भाजपा भी उन्हें घेरने के लिए पूरी ताकत के साथ मैदान में है। इस सीट पर केंद्रीय गृह मंत्री चुनावी सभा भी कर चुके हैं। राजगढ़ से भाजपा ने दो बार के सांसद रोडमल नागर को फिर ले प्रत्याशी बनाया, नागर जनता के बीच राष्ट्रवाद के मुद्दे को लेकर जा रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कराए गए कार्यों और देश को आगे बढ़ाने के नाम पर वोट मांग रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने अपने धारदार चुनावी अभियान से रोडमल नागर की राह कठिन जरूर बना दी है, साथ ही उनके चुनाव में उतरने से कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में भी उत्साह भर गया है।

### विदिशा के टिकट से दिल्ली का सफर.....

विदिशा से मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 20 साल बाद वापस से लोकसभा चुनाव में मैदान में हैं। इससे पहले वह पांच बार यहां से सांसद रह चुके हैं। वह अपने क्षेत्र में यात्रा, नुक्कड़ सभा और रोड शो के जरिए मतदाताओं से लगातार संपर्क साध रहे हैं। हाल ही में पीएम मोदी ने भी एक चुनावी सभा में कहा था कि वह शिवराज सिंह को दिल्ली लेकर जा रहे हैं, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में अहम जिम्मेदारी मिलने की अटकलें तेज हो गई हैं। उनके खिलाफ कांग्रेस ने विदिशा से पूर्व में दो बार सांसद रह चुके प्रतापभानू शर्मा को टिकट दिया है।




### गुना-शिवपुरी में बदली तस्वीर.....

गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट पर इस बार तस्वीर बदली हुई नजर आ रही है। ज्योतिरादित्य सिंधिया एक बार फिर से यहां चुनावी मैदान में तो हैं, लेकिन कांग्रेस की जगह भाजपा के टिकट पर। भाजपा ने वर्तमान सांसद केपी यादव का टिकट काटकर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनाव में केपी यादव ने ही सिंधिया को गुना से मात दी थी। वहीं कांग्रेस ने यहां पर भाजपा की ही चाल उसके खिलाफ चल दी है और यहां से यादव प्रत्याशी उतारा है। पार्टी ने अशोकनगर जिले के यादवेंद्र सिंह को गुना से टिकट दिया है। इस सीट पर भाजपा की तरफ से गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मोहन यादव समेत कई बड़े नेता चुनाव प्रचार कर चुके हैं। बता दें कि तीसरे चरण के चुनाव के तहत मप्र की विदिशा, राजगढ़, गुना-शिवपुरी, भिंड, मुरैना, बैतूल, भोपाल और सागर सीट पर 7 मई को मतदान होना है।

नई दिल्ली
मंगलवार 30 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता: आप

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि जेल में भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। आप की नेता एवं दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी सिंह ने सोमवार को तिहाड़ जेल में केजरीवाल से हुई मुलाक़ात को साझा करते हुए कहा कि जेल में भी उन्हें अपनी नहीं, बल्कि दो करोड़ दिल्लीवासियों की चिंता है। उन्होंने बताया कि जेल में मुलाक़ात के दौरान पूरे समय मुख्यमंत्री ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों की पढ़ाई और मोहल्ला क्लीनिकों के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने बताया कि मुलाक़ात के दौरान श्री केजरीवाल ने उन्हें बतौर जल मंत्री निर्देश दिया कि गर्मियों में दिल्ली में पानी की कमी न हो और जनता को किसी समस्या का सामना न करना पड़े। इसके साथ ही महिलाओं के लिए संदेश भेजा कि वह जल्द जेल से बाहर आयेंगे और दिल्ली की महिलाओं को प्रतिमाह 1000 देने का वादा ज़रूर पूरा करेंगे। आतिशी के अनुसार श्री केजरीवाल ने विधायकों के लिए भी निर्देश दिया और कहा कि सभी विधायक लगातार अपने विधानसभा क्षेत्रों में निरीक्षण करें, लोगों से मिले और उनकी समस्याएँ सुलझाएँ।

### गाजियाबाद पहुंचे राकेश टिकैत

गाजियाबाद। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत अचानक गाजियाबाद पासपोर्ट ऑफिस धमक पड़े। राकेश टिकैत के साथ आए लोगों ने पासपोर्ट ऑफिस के बाहर दरी बिछा के नारेबाजी शुरू कर दी। राकेश टिकैत ने बताया कि पिछले 2 साल से उनका पासपोर्ट रिन्यू नहीं किया जा रहा है। राकेश के मुताबिक गाजियाबाद के अधिकारी मुजफ्फरनगर और मुजफ्फरनगर के अधिकारी गाजियाबाद का मामला बात कर टाल देते हैं। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत गाजियाबाद के हापुड चुंगी पासपोर्ट ऑफिस पहुंचे। उनके साथ उनके यूनियन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी थे। राकेश टिकैत के साथ आए लोगों ने पासपोर्ट ऑफिस के बाहर दरी बिछा कर नारेबाजी शुरू कर दी। राकेश टिकैत का आरोप है कि उन्होंने अपने पासपोर्ट पर 24 देश की यात्रा की हुई है लेकिन पिछले 2 सालों से उन्होंने अपना पासपोर्ट रिन्यू करने के लिए दिया हुआ है लेकिन पासपोर्ट अधिकारी उनका पासपोर्ट रिन्यू नहीं कर रहे हैं। राकेश टिकैत के साथ आए भीड़ को देखकर पुलिस फोर्स भी लगाया गया था। राकेश टिकैत का कहना है कि उनके खिलाफ इलेक्शन से जुड़ा एक मामला दर्ज था जो कोर्ट ने खत्म कर दिया है उसके बावजूद उनके पासपोर्ट रिन्यू में अधिकारी दिक्कत कर रहे हैं। राकेश टिकैत ने कहा कि अगर जल्द उनका पासपोर्ट रिन्यू नहीं हुआ तो गाजियाबाद या मुजफ्फरनगर जहां जरूरत पड़ेगी वहीं टेंट लगा देंगे।

### हिल्टी इंडिया और एमिटी के बीच एमओयू

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के छात्रों को प्लेसमैंट, इंटर्नशिप, उद्योग व्याख्यान के लिए सोमवार को हिल्टी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड साथ एमओयू साइन किए गए। एमओयू पर एमिटी विश्वविद्यालय के कार्य वाहक कुल सचिव प्रोफेसर आरके कपूर और हिल्टी के उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) पुलकित कुकरेजा ने हस्ताक्षर किए। पुलकित कुकरेजा ने कहा कि हिल्टी में हमारा उद्देश्य निर्माण कार्य को तकनीक और गतिविधियों की सहायता से बेहतर और सुरक्षित बनाना है। आज के छात्र जो कल के इंजीनियर बनेंगे। जिनके द्वारा बड़ी संरचना स्थापित होगी। उन्हें बेहतरीन देश बनाने के लिए नवीनतम जानकारियां होनी चाहिए। हिल्टी के कोड एवं अप्रूवल प्रमुख शौनक मित्रा ने कहा की हिल्टी का उद्देश्य सुरक्षा और स्थायित्व के साथ उत्पादन को विकसित करना है। इसे बढ़ाने के लिए निरंतर रिसर्च एवं विकास में निवेश भी करती है। उद्योग और अकादमी सहयोग की यह पहल एक बेहतरीन एवं कुशल मानव संसाधनों को विकसित करने में सहायक होगी। एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि इस एमओयू का परिणाम उद्योग की अपेक्षाओं के अनुरूप पाठ्यक्रम को उन्नत करने, उद्योग व्याख्यान, इंटर्नशिप और प्लेसमैंट अवसरों के माध्यम से हिल्टी विशेषज्ञों के मार्गदर्शन को प्राप्त करना है।

### मैक डोनाल्ड की आलू टिक्की खाकर हुआ बीमार

नोएडा। नोएडा में फूड डिपार्टमेंट को चर्चित ब्रांड मैक डोनाल्ड की शिकायत मिली है। शिकायतकर्ता ने कहा है कि मैक डोनाल्ड से आलू टिक्की खाने के बाद वो बीमार हो गए। अब इस मामले में विभाग ऐक्शन मोड में है। गौतमबुद्ध नगर की असिस्टेंट कमिश्नर (फूड) अर्चना धीरन ने कहा, हमें पोर्टल पर मैक डोनाल्ड के बारे में शिकायत मिली थी। इस शिकायत में कहा गया था कि फ्रेंच फ्राई और आलू टिक्की खाने के बाद ग्राहक बीमार हो गया। इस मामले में ऐक्शन लिया और पाम ऑयल, चीज और म्यूनीज के सैंपल जांच के लिए हैं। बताया गया कि ग्राहक ने नोएडा के सेक्टर-18 स्थित मैक डोनाल्ड से खाने का सामान ऑनलाइन ऑर्डर किया था। जिसे खाने के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने एफएसएसआई के पोर्टल पर शिकायत की थी। बता दें कि नोएडा में खाद्य पदार्थों में मिलावट की शिकायतें अक्सर सामने आती रहती हैं। कई बार नोएडा में कुछ जगहों पर बिक रहे पनीर और देसी घी भी मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं। जिसके बाद विभाग कार्रवाई करता है। इसी तरह की एक अन्य शिकायत Theobroma Bakery के बारे में भी विभाग को मिला है। अर्चना धीरन ने बताया कि उपभोक्ता ने कहा है कि इस बेकरी से खरीदे गए केक को खाने के बाद वो बीमार पड़ गए।

### नहर में नहाने आए युवक व किशोरी बहे

मुरादनगर। दोस्तों के साथ गंग नहर में नहाने आया युवक व किशोरी पानी के तेज बहाव में बह गए। मंदिर के गोताखोरों ने समय रहते किशोरी को किसी तरह बचा लिया लेकिन युवक पानी के तेज बहाव में बह गया। पुलिस गोताखोरों की मदद से युवक की नहर में तलाश कर रही है। दिल्ली मयूर विहार फेस तीन निवासी ई रिक्शा चालक सन्नी (21) अपने दोस्त दीपू, काली, आशीष, सखी व निशा (16) के साथ नहर में नहाने आया था। सभी लोग सन्नी की ई रिक्शा में बैठकर आए थे। रविवार शाम करीब पांच बजे गंग नहर प्राचीन शनि मंदिर गंगा घाट के पास नहाते समय सन्नी व निशा का पैर फिसल गया, दोनों गहरे पानी में डूबने लगे। खुद को डूबता देख दोनों ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर मौके पर मौजूद युवक व गोताखोरों ने दोनों को बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी। करीब दो मीटर पीछा करके गोताखोरों ने किशोरी को बचाकर नहर से बाहर निकाला। जबकि सन्नी पानी के तेज बहाव में बह गया। मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी ने बताया कि मंदिर के सेवादार गोताखोर युवक की तलाश में लगे है, गंभीर हालत में किशोरी को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, किशोरी हालत सामान्य है। बताया गया है कि सन्नी अपने दोस्तों के साथ नहर पर पिकनिक बनाने आया था। नहाने के बाद सभी को होटल में पार्टी के लिए जाना था। लेकिन इससे पहले ही यह हादसा हो गया। निशा दसवीं की छात्रा है।

### दो बच्चे आग लगने से झुलसे, भाई-बहन समेत तीन बेजुबान भी आए चपेट में

गाजियाबाद। गाजियाबाद स्थित खुर्जा क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में कूड़े में लगी आग की लपट से एक झोपड़ी में आग लग गई। इसमें झोपड़ी के अंदर खेल रहे छह वर्षीय बच्ची और पांच वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं तीन बकरी भी झुलस गईं। क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी राशिद खान ने बताया कि वह झोपड़ी में ही परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार दोपहर को राशिद मजदूरी करने गया था और उसकी पत्नी झोपड़ी के बाहर थी। झोपड़ी में उसके पशु बंधे हुए थे और पांच वर्षीय बेटा उजैफ व छह वर्षीय बेटी अलफैज वहीं खेल रहे थे। वहीं झोपड़ी के पास गड्ढे में गोबर और कूड़ा इकट्ठा हो रहा है। जहां सोमवार दोपहर को किसी ने आग लगा दी। कूड़े की आग की लपट धीरे-धीरे झोपड़ी तक पहुंच गई। इसी के साथ तेजी से झोपड़ी में आग फैल गई। बच्चों का शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और उनको बाहर निकाला। तब तक बच्चों के हाथ, पैर व छाती झुलस चुके थे। तभी परिजन बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे और ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। राशिद ने बताया कि बच्चों के घाव पर दवाई लगवाई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा, जमानत याचिका निचली अदालत में क्यों नहीं दायर की



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अपनी जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका क्यों नहीं दायर की।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दिपांकर दत्ता की पीठ ने आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक श्री केजरीवाल की उस याचिका पर सुनवाई करते हुए यह सवाल पूछा, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

पीठ ने श्री केजरीवाल की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा, आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया?

डॉ. सिंघवी ने जवाब दिया कि हमने याचिका दायर कर ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी है।

इस पर पीठ ने आश्चर्य प्रकट किया और कहा,तो फिर कोई जमानत याचिका नहीं?

श्री सिंघवी ने जवाब दिया,हां, इस अदालत का क्षेत्राधिकार व्यापक है।

पीठ ने आगे कहा,हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि क्यों... हम सिर्फ तथ्य की बता रहे हैं।

श्री सिंघवी ने कहा,मैंने एक प्रत्युत्तर नोट और एक प्रारंभिक नोट भी भर दिया है।

पीठ की ओर से न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा,आपने गिरफ्तारी और हिरासत के खिलाफ याचिकाएं दायर की हैं?

इसके बाद श्री सिंघवी ने कहा कि हां, मेरा आवेदन पूरी तरह से धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 19 से संबंधित है।

पीठ ने पूछा,आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की?

श्री सिंघवी ने कहा कि सबसे पहले तो इसलिए कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है और जब गिरफ्तारी अवैध हो तो धारा 19 का दायरा और भी व्यापक हो जाता है।

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने कहा,श्री केजरीवाल ने बाद की हिरासत पर कोई आपत्ति नहीं जताई है। इस पर श्री सिंघवी ने कहा, बहस के लिए उन्हें पूरा दिन लगेगा।

शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को करेगी।

## हज की तैयारी शुरू, बिना मेहरम जाने वाली महिलाओं के लिए ट्रेनिंग का आयोजन

नई दिल्ली। भारत की हज समिति ने पवित्र शहर मक्का की धार्मिक यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। दिल्ली हज कमेटी की चेयरपर्सन कौसर जहां ट्रेनिंग कैंप करा रही है। कौसर जहां ने कहा कि हमने हज 2024 की तैयारी शुरू कर दी है। आगे कहा कि हम मेहरम के बिना यानी बिना पुरूष साथी के जाने वाली महिलाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित कर रहे हैं। इसमें 69 महिलाएं हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। हम उन्हें उनकी समस्याओं से निपटने के तरीके के बारे में अपडेट कर रहे हैं। किससे संपर्क करना है। हमने एक ऐप लॉन्च किया है। वे ऐप के जरिए सीधे कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं।

### भारत सरकार ने किया था मेहरम का एलान

जानकारी के लिए बता दें कि भारत की हज समिति ने एलान किया था कि हज यात्रा के लिए महिला के साथ एक पुरुष साथी को ले जाने की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया है। इस साल कुल 5,162 महिलाएं %मेहरम% के बिना हज पर जाएंगी।

### इन राज्यों से जाएंगी महिलाएं

समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी लियाकत अली अफाकी ने बताया कि बिना मेहरम के हज पर जाने वाली 5,162 महिलाओं में से 3,584 केरल, 378 तमिलनाडु, 249 कर्नाटक, 166 महाराष्ट्र, 141 उत्तर प्रदेश, 130 तेलंगाना, 82 जम्मू-कश्मीर 72 मध्य प्रदेश, 64 गुजरात, 50 दिल्ली, 44 आंध्र प्रदेश, 40 पश्चिम बंगाल, 33 राजस्थान, 30 बिहार, 29 असम, 19 पुडुचेरी, 14 छत्तीसगढ़, 10 उत्तराखंड, 9 झारखंड से हैं। इसके अलावा पांच-पांच गोवा और ओडिशा और लक्षद्वीप से दो व हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब से एक-एक महिलाएं शामिल हैं।

## पीएम मोदी के चुनाव लड़ने पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज

दिल्ली। उच्च न्यायालय ने सोमवार को हिंदू और सिख देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए वोट मांगने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छह साल के लिए अयोग्य घोषित करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। यह याचिका पेशे से वकील आनंद एस जोंधले ने दायर की थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है क्योंकि याचिकाकर्ता ने माना है कि आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है, हालांकि इस अदालत के लिए किसी भी शिकायत पर विशेष दृष्टिकोण अपनाने के लिए ईसीआई को निर्देश देना स्वीकार्य नहीं है। अदालत ने भारत के चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता सिद्धांत कुमार की दलील को भी दर्ज किया कि आयोग कानून के अनुसार जोंधले की शिकायत पर गौर करेगा। उन्होंने कहा ये 21 अप्रैल का भाषण है, जो उनके अभिवेदन के बाद का है। ईसीआई को दैनिक आधार पर ऐसी शिकायतें मिलती हैं, उन्होंने अभ्यावेदन दाखिल किया है और हम इस पर कार्रवाई करेंगे। आयोग एक संवैधानिक संस्था है। जोंधले ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत प्रधानमंत्री को छह साल के लिए चुनाव से अयोग्य घोषित करने के लिए ईसीआई को निर्देश देने की मांग की। उन्हें धार्मिक देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगने से रोकने के लिए एक और निर्देश मांगा गया है।

याचिकाकर्ता पीएम मोदी के 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में दिये गये भाषण से व्यथित था। जोंधले ने तर्क दिया कि प्रधान मंत्री ने न केवल हिंदू और सिख देवताओं और उनके पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांगे, बल्कि मुसलमानों का पक्ष लेने वाले विरोधी राजनीतिक दलों के खिलाफ भी टिप्पणियां की।

## नौकरी छूटने से परेशान महिला ने फंदा लगाकर दी जान

गाजियाबाद। लोहियानगर में किराये के मकान में रहने वाली महिला ने रविवार को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, महिला होटल में शेफ का काम करती थीं, उनकी नौकरी छूट गई थी, जिसके बाद तनाव में आ गई थीं। एसीपी रवि कुमार ने बताया कि महिला की पहचान राधा प्रिया दास के रूप में हुई है। वह लोहियानगर में राकेश के मकान में किराये पर रहती थी। वह मूलरूप से विशाखापत्तनम की रहने वाली थीं, शादी होने के बाद गाजियाबाद में रहने लगी थीं लेकिन पति से वह काफी समय से अलग रह रही थीं। इस घटना की जानकारी प्रियादास के पिता व परिवार को दे दी है। प्रियादास के साथ काम करने वाले ने बताया कि नौकरी जाने के बाद से वह तनाव में आ गई थी।

## निगम में स्थायी समिति का गठन नहीं होने के लिए भाजपा जिम्मेदार : आप




नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में स्थायी समिति का गठन नहीं होने या कार्य बाधित होने के लिए भाजपा और उपराज्यपाल वीके सक्सेना जिम्मेदार हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने निगम में स्थायी समिति नहीं होने से बाधित हो रहे काम को लेकर सोमवार को आये दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एक सच्चे देशभक्त हैं। उनकी देशभक्ति, निष्ठा और उनकी ईमानदारी पर कोई सवाल नहीं उठा सकता। उनके विरुद्ध एक राजनीतिक षडयंत्र किया गया है। मोदी सरकार ने तानाशाही के तहत उन्हें जबरन जेल में डाला है, ये अब किसी से छिपा नहीं है।

उन्होंने कहा कि श्री केजरीवाल का इस्तीफा न देने का निर्णय केंद्र की भाजपा सरकार की तानाशाही के खिलाफ लोकतांत्रिक ढंग से अपने अधिकारों का इस्तेमाल करने का निर्णय है। लोकतंत्र के अंदर मुख्यमंत्री कौन रहेगा और कौन नहीं, उसका निर्णय विधायक और विधानसभा लेती है और पिछले छह महीनों में तीन बार विधायकों ने उन्हें अपना नेता माना है और ये फैसला किया है कि श्री केजरीवाल के नेतृत्व में यह सरकार चलेगी और जेल जाने की परिस्थिति में भी जेल से सरकार चलेगी। बकायदा इसका प्रस्ताव पारित किया गया है। वहीं, श्री केजरीवाल का दिल्ली में किया गया काम न सिर्फ भारत में, बल्कि दुनिया के अंदर अनुकरणीय उदाहरण बना हुआ है।

सिंह ने कहा कि निगम में स्थायी समीति का गठन न होने के लिए अगर सबसे ज्यादा कोई व्यक्ति जिम्मेदार है, तो वह भाजपा के इशारे पर काम करने वाले उपराज्यपाल हैं। उपराज्यपाल ने मनमाने ढंग से भाजपा के नेताओं को नियम और कानून ताक पर रखकर एल्डरमैन बना दिया और उनको वोटिंग का अधिकार भी दे दिया। बाद में कोर्ट में उपराज्यपाल को मुंह की खानी पड़ी और नामित एल्डरमैन के वोट देने के अधिकार छीन लिये गये थे।

## मेवाड़ में शिक्षा विभाग ने दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की

### दूरदराज से आये 25 विद्वानों ने पर्चे पढ़े, भावी शिक्षा की तैयारी पर किया विचार मंथन



**गाजियाबाद।** वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस में 'भविष्य के लिए तैयार शिक्षा' विषय पर दूरदराज से आये 25 विद्वानों ने पर्चे पढ़े।

इन पर्चों में बताया गया कि कैसे भविष्य निर्माण के लिए हमें किस प्रकार की शिक्षा की तैयारी करनी चाहिए, विद्यार्थियों को अपने कर्तव्य एवं अधिकार कहां और कैसे इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों ने विषय सम्बंधी पर्चे पढ़कर इसके उपविषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला।

नेशनल कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के समग्र शिक्षा अभियान की पूर्व मुख्य सलाहकार डॉ. लता राम मोहन, विशिष्ट अतिथि जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. भारती शर्मा, योगऋषि फाउंडेशन नोएडा के संस्थापक अचार्य आदित्य, डॉ. संगीत शर्मा, दिल्ली विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर डॉ. अंजलि शौकीन, मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. गीता रानी, विद्यार्थी तान्या सिंह, नीति राजपूत, शिखा, नंदिनी शर्मा, मीना चमोली, लायबा खान, सौरभ सेठ, निहारिका, मयंक शर्मा, शीतल पाठक आदि ने विषय सम्बंधी विचार व्यक्त किये। इससे पूर्व डॉ. अलका अग्रवाल ने सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न और गुलदस्ते देकर सम्मानित किया। पहले दिन का सारांश कॉफ्रेंस समन्वयक जैना सुशील और दूसरे दिन की गतिविधियों का सारांश डॉ. किरन जोशी ने प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष डॉ. गीता रानी आदि ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे। नेशनल कॉन्फ्रेंस में डीएलएड के विभागाध्यक्ष अमित कुमार, डॉ. वियंता पाल, डॉ. सपना रल्हन, डॉ. रिनी श्रीवास्तव, डॉ. सुषमा रानी, वीनस रावत, पूनम रावत, डॉ. अनीता सिंह, गरिमा, अजय प्रताप सिंह चौहान, प्रवीण कुमार तेवतिया, सबा खान, रितु सिंह, नंदिता शर्मा, डॉ. अरुणा भारद्वाज, प्रिया कुशवाह, डॉ. स्मृति लता सिन्हा, दयावती, जयवीर सिंह, देवेन्द्र, विनय, कंचन, अंकिता गुप्ता, अंकिता आर्य आदि विशेष सहयोगी के रूप में मौजूद रहे।

## गाजियाबाद में युवक को मारी 7 गोली, हालत गंभीर

गाजियाबाद। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के बस अड्डा डिपो कैंटीन में एक युवक पर ताबड़तोड़ गोली चला दी गई। पीड़ित युवक को 07 गोली लगी है। जिसको दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सरकारी कैंटीन में खाना खाने को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस के मुताबिक गोली मारने वाले तीन आरोपी थे जो फिलहाल फरार है। गाजियाबाद के थाना लोनी बॉर्डर क्षेत्र के बस अड्डा डिपो की सरकारी कैंटीन में गौरव शर्मा नाम के युवक को 07 गोली मारी गई। वारदात रविवार रात देर रात की है। आदित्य नाम के युवक ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों के साथ कैंटीन में खाना खा रहा था। इसी दौरान तीन युवक आए और आदित्य को वहां से हटाने के लिए कहा। आदित्य ने जब इस बात पर आपत्ति जाहिर करी तो आदित्य के मुताबिक तीनों युवकों ने उसकी पिटाई कर दी। आदित्य के मुताबिक इसी दौरान गौरव शर्मा वहां से गुजर रहा था।

आदित्य ने सारी बात गौरव को बताई तो गौरव ने पिटाई करने वाले युवकों में से एक को थप्पड़ मार दिया। थप्पड़ से तिलमिलाए तीनों युवकों ने गौरव शर्मा पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। जानकारी के मुताबिक गौरव पर एक दर्जन गोली चलाई गई। गौरव शर्मा को 07 गोली लगी है। जिसको दिल्ली के गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरव शर्मा रामलीला में और अन्य कार्यक्रमों में हनुमान का रोल करता है।

## कॉलेज हॉस्टल में मिला बीटेक छात्र का शव

ग्रेटर नोएडा। एक निजी कॉलेज से बीटेक कर रहे छात्र का शव सोमवार को हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका मिला। हॉस्टल के छात्रों ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ देर पहले बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र कुणाल राजपूत मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी बीच वह अपने कमरे के बराबर वाले रूम में गया। कुछ देर बाद छात्रों ने उसे फंदे से लटका देखा। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

मूलरूप से जिला बुलंदशहर के डिबाई के गांव खारी ख्वारी निवासी कुणाल राजपूत जीएल बजाज कॉलेज से बीटेक कर रहा था। वह कालेज के ही हॉस्टल में सहयोगी छात्र के साथ रहता था। हॉस्टल निवासी छात्रों ने पुलिस को बताया कि सुबह कुणाल लगातार मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था। इसके बाद वह अपने कमरे के बराबर वाले रूम में चला गया। जिसमें उस वक्त कोई नहीं था। कुछ देर बाद छात्रों ने उसे पंखे से लटका हुआ देखा। इसकी सूचना तुरंत ही हॉस्टल के वार्डन को दी गई। थाना नॉलेज पार्क पुलिस के पहुंचने से पहले ही कुणाल की मौत हो चुकी थी। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर और परिजनों को सूचना दी गई।

### पुलिस ने जताई आत्महत्या की आशंका

पुलिस जांच में पता चला है कि मोबाइल पर देर तक बात करने के बाद कुणाल ने अचानक यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस उसकी मोबाइल कॉल डिटेल खंगाल रही है। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई है। अधिकारियों ने कहा कि इस मामले में परिजनों ने शिकायत नहीं दी है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को थाना बीटा-2 क्षेत्र में अल्फा-1 में पीजी में रहने वाले बीटेक छात्र आशीष का शव मिला था। विषाक्त पदार्थ के सेवन से उसकी मौत होने की बात कही जा रही थी। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद विसरा सुरक्षित रख दिया गया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से 7.45 लाख की ठगी

गाजियाबाद। राजनगर एक्सटेंशन की सोसायटी में रहने वाली युवती को मेट्रिमोनियल साइट के जरिये युवक से नजदीकी बढ़ाना महंगा पड़ गया। आरोपी ने खुद को दिल्ली के सरकारी अस्पताल में चिकित्सक बताते हुए शादी का झांसा दिया और फिर 7.45 लाख की ठगी करके फरार हो गया। मामले में पीड़ित ने थाने में शिकायत दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। युवती ने बताया कि 18 मार्च 2022 को उनकी मुलाकात मेट्रिमोनियल साइट के जरिये ज्वालापुर हरिद्वार के मनोज कुमार से हुई थी। आरोपी ने खुद को दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल में चिकित्सक बताया। इसके बाद उसकी मुलाकात का सिलसिला शुरू हो गया। ड्यूटी पर जाने के बारे में जब युवती पूछती तो कहता कि उनकी विभागीय जांच अभी चल रही है, जिसकी वजह से थोड़ी समस्या हो रही है। जल्द ही बहाल हो जाऊंगा तो ड्यूटी शुरू हो जाएगी। आरोपी ने इसी का बहाना बनाकर उनसे कहा कि उनको कुछ पैसे ही जरूरत है। यदि वह मदद कर दें तो वह उनको बहाली होते ही चुका देगा।

## सपा नेता हत्याकांड में छह को आजीवन कारावास, तीन बरी



ग्रेटर नोएडा/दादरी। सपा नेता रामटेक कटारिया हत्याकांड में अदालत ने चचेरे और ममेरे भाई समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है। दादरी के गांव गढ़ी में पांच साल पहले हुई हत्या के मामले में अदालत ने रामटेक के चचेरे भाई और तत्कालीन सभासद बालेश्वर कटारिया, भतीजे राणा उर्फ कपिल, ममेरे भाई नीतेश, अनु, कृष्णा और चंद्रपाल को अजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में तीन आरोपियों को बरी कर दिया है। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) प्रथम रण विजय प्रताप सिंह की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता एडीजीसी नितिन त्यागी, एडीसीजी भाग सिंह एडवोकेट और सीपी शर्मा के मुताबिक 31 मई 2019 को समाजवादी पार्टी के दादरी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रामटेक कटारिया की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह दादरी के गढ़ी गांव में सपरिवार रहते थे। वारदात के वक्त दोपहर करीब 12:30 बजे रामटेक कटारिया बाइक से जारचा रोड पर बन रहे नाले का निर्माण कार्य देखने जा रहे थे। नाले का निर्माण उनके रिश्तेदार के घर के सामने हो रहा था। रास्ते में ऑल्टो कार और बाइक पर सवार होकर आए नकाबपोश हमलावरों ने रामटेक पर फायरिंग कर दी। हमलावरों ने 12 गोलियां चलाई थीं। जिसमें पांच गोलियां रामटेक के सिर और सीने में लगीं थी।

मामले में रामटेक के भाई प्रवीण कटारिया ने नौ लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई जिला न्यायालय में एडीजे की अदालत में हई। सुनवाई के दौरान 19 गवाहों ने गवाही दी। जिन हथियारों का इस्तेमाल हत्या में हुआ उसमें एफएसएल के निदेशक ने अपनी बैलेस्टिक रिपोर्ट दी थी। इससे साबित हुआ था कि सभी हथियारों से घटना वाले दिन फायरिंग की गई थी। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अभय कटारिया, सुमित और जय भगवान को बरी कर दिया है जबकि शेष छह को आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई।

### बरी किए जाने को हाईकोर्ट में देंगे चुनौती

अभियोजन पक्ष तीन को बरी किए जाने के मामले को हाईकोर्ट को चुनौती देगा। अभियोजन पक्ष के मुताबिक इनमें से अभय कटारिया के खिलाफ पांच गवाहों ने गवाही दी थी। जबकि जय भगवान धारा 120 बी (षड्यंत्र) में आरोपी था। तीनों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्टल के साथ कार और बाइक भी बरामद हुई थी।

नई दिल्ली
मंगलवार 30 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

# संपादकीय

## जंगलों में आग

जंगलों में आग प्राकृतिक पर्यावरण में एक गंभीर आपदा है जो न केवल वन्यजीवों को प्रभावित करती है, बल्कि पर्यावरण, मानव जीवन, संपत्ति और आर्थिक स्थिति को भी नुकसान पहुंचाती है।

### जंगलों में आग के कारण

**प्राकृतिक कारण :** जंगलों में आग प्राकृतिक घटनाओं के कारण भी लगती है। गर्म मौसम, सूखा, और बिजली के गिरने जैसे कारणों से जंगलों में आग लग सकती है। प्राकृतिक घटनाओं के कारण लगने वाली आग अक्सर वन्यजीवों के लिए एक प्राकृतिक जीवन चक्र का हिस्सा होती है।
**मानवीय गतिविधियाँ :** जंगलों में आग लगने का एक बड़ा कारण मानवीय गतिविधियाँ हैं। जैसे कि कैंपफायर, सिगरेट, अनियंत्रित आग, कृषि गतिविधियाँ, और औद्योगिक दुर्घटनाएँ। यह गतिविधियाँ अक्सर सावधानी के बिना की जाती हैं, जिससे आग लगने का जोखिम बढ़ता है।
**जलवायु परिवर्तन :** जलवायु परिवर्तन से गर्मियों की अवधि बढ़ जाती है और सूखा बढ़ता है, जिससे जंगलों में आग लगने की संभावना बढ़ जाती है।
**वन्यजीवों का नुकसान :** आग से वन्यजीवों का जीवन और उनका निवास स्थान नष्ट होता है। कुछ प्रजातियों की संख्या में भारी कमी आ सकती है।
**पर्यावरणीय प्रभाव :** जंगलों में आग के कारण वायु गुणवत्ता में गिरावट होती है और कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन बढ़ता है, जिससे ग्लोबल वार्मिंग का खतरा बढ़ता है।
**मानव जीवन और संपत्ति का नुकसान :** जंगलों में आग से आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन को खतरा होता है। संपत्ति, घर, और कृषि भूमि को भारी नुकसान पहुँचता है।
**आर्थिक प्रभाव :** आग से उत्पन्न नुकसान से अर्थव्यवस्था पर भार पड़ता है। वन्य उद्योग, पर्यटन, और कृषि क्षेत्र पर प्रभाव पड़ता है।

### जंगलों में आग की रोकथाम

वन्य नियमों का पालन : वन क्षेत्रों में आग लगाने के लिए सख्त नियमों का पालन किया जाना चाहिए। कैंपफायर, सिगरेट, और अन्य आग से संबंधित गतिविधियों को नियंत्रित किया जाना चाहिए।
**वन प्रबंधन :** वन क्षेत्रों में उचित वन प्रबंधन द्वारा आग के जोखिम को कम किया जा सकता है। वन कर्मचारियों को प्रशिक्षण देकर और फायर ब्रेक्स बनाकर आग की रोकथाम की जा सकती है।
**जलवायु परिवर्तन से निपटना :** जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास किए जाने चाहिए। ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना और स्थायी ऊर्जा स्रोतों का उपयोग बढ़ाना।
**जन जागरूकता :** लोगों को जंगलों में आग के खतरों के बारे में शिक्षित किया जाना चाहिए। आग के सही उपयोग और सतर्कता के उपायों के बारे में जानकारी फैलाना। **प्रौद्योगिकी का उपयोग :** आग की निगरानी और पूर्वानुमान के लिए ड्रोन, सेटेलाइट, और सेंसर जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। इससे आग को शुरुआती चरण में ही नियंत्रित किया जा सकता है।
**वन पुनर्जनन :** आग से प्रभावित क्षेत्रों में वन पुनर्जनन के उपाय किए जाने चाहिए। वृक्षारोपण और प्राकृतिक वन्य जीवन की पुनर्स्थापना से वन क्षेत्रों को पुनर्जीवित किया जा सकता है।

## बारामूला मुठभेड़ में सुरक्षाबलों की कामयाबी

जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुआ है, अलगाववादी ताकतें स्थानीय लोगों को भड़काने और वहां उग्रवाद को तेज करने का प्रयास करती रही हैं।
जिस समय जम्मू-कश्मीर में लोकसभा के लिए मतदान हो रहा था, उसी दौरान बारामूला में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही थी। उसमें सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया, हालांकि दो सैनिक भी जख्मी हो गए। यह मुठभेड़ दो दिनों तक चली। सुरक्षाबलों को उस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। गनीमत है कि चुनाव के दौरान किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने से पहले आतंकियों को मार गिराया गया। बारामूला नियंत्रण रेखा पर स्थित जिला है। वहां सीमा पार से घुसपैठ कर आतंकियों के आने में पाकिस्तानी सेना का भी सहयोग मिलता है।
अनेक मौकों पर देखा गया है कि घुसपैठ कर आए आतंकियों की भारतीय सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ होती है, तो उधर से पाकिस्तानी सेना भी गोलीबारी शुरू कर देती है, ताकि उन्हें लक्षित स्थान तक पहुंचाया या फिर वापस लौटने में मदद की जा सके। मगर भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना और आतंकियों की ऐसी रणनीतियों से वाकिफ है और उन पर लगातार नजर बनाए रखती है। इस समय भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, जाहिर है वे आतंकी इसमें खलल डालने के इरादे से ही इधर आए थे।
भारतीय सेना की सक्रियता और तत्परता का ही नतीजा है कि सीमा पार से प्रशिक्षण पाए आतंकियों की घुसपैठ में काफी कमी आई है। यह भी उल्लेखनीय है कि चुनाव के इस माहौल में घाटी में आतंकी घटनाएं नहीं होने पाई हैं। जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुआ है, अलगाववादी ताकतें स्थानीय लोगों को भड़काने और वहां उग्रवाद को तेज करने का प्रयास करती रही हैं। पाकिस्तान लगातार इसे जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता पर हमला करार देता रहा है। मगर अब वह पहले की तरह स्थानीय लोगों को भड़काने और बरगलाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है।
लगातार तलाशी अभियान और सीमा पर कड़ी नजर रखी जाने से घुसपैठ कराने की उसकी योजनाएं सफल नहीं हो पातीं। पहले वह सड़क मार्ग से तिजारती सामान में हथियार वगैरह छिपा कर इस तरफ पहुंचाने में कामयाब हो जाता था, मगर जबसे तिजारत के रास्ते बंद हैं, वह ऐसा नहीं कर पाता। पंजाब के कुछ इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और पैसे गिराने की कोशिश करता है, पर वहां भी अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली स्थापित हो जाने से उसे मुंह की खानी पड़ रही है। हालांकि सरकार का दावा है कि घाटी में आतंकी गतिविधियों पर काफी हद तक नकेल कसी जा चुकी है, पर अब भी स्थानीय लोगों में भरोसा पैदा होने का दावा करना मुश्किल है।
घाटी में पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद को मिल रहे समर्थन पर जरूर अंकुश लगा नजर आ रहा है, मगर स्थानीय युवाओं को दहशतगर्दी के रास्ते से अलग कर मुख्यधारा में शामिल करना अब भी चुनौती है। पिछले कुछ महीनों में शैक्षणिक संस्थानों में आतंकी तैयार करने वालों की पहचान होने, बाहरी लोगों को निशाना बना कर मारने और कई मौकों पर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने की घटनाओं से जाहिर है कि घाटी में आतंक की जड़ें अभी बनी हुई हैं और मौका पाकर कल्ले फोड़नी शुरू कर देती हैं। ऐसे प्रमाण भी मिले हैं कि स्थानीय युवाओं में हथियार उठाने की दर बढ़ी है। इसलिए ऐसी रणनीति पर गंभीरता से काम करने की दरकार महसूस की जाती है कि जिससे स्थानीय लोगों में शासन पर भरोसा कायम किया जा सके।



01 मई मजदूर दिवस पर विशेष

# आखिर कब तक मजबूर रहेगा मजदूर



रमेश सर्राफ धमोरा




श्रमिक अपना श्रम बेचकर न्यूनतम वेतन प्राप्त करता है। यही कारण है कि पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया जाता है। इसलिए यह दिन अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संघों को बढ़ावा देने और प्रोत्साहित करने के लिए है। इस प्रकार, यह समाज में उनके योगदान की सराहना करने और उसे पहचानने का एक विशेष दिन हैं। भारत सहित दुनिया के बहुत से देशों में एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य उस दिन मजदूरों की भलाई के लिए काम करने व मजदूरों में उनके अधिकारों के प्रति जागृति लाना होता है। मगर आज तक तो कहीं ऐसा हो नहीं पाया है।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति करने का प्रमुख भार मजदूर वर्ग के कंधों पर ही होता है। मजदूर वर्ग की कड़ी मेहनत के बल पर ही राष्ट्र तरक्की करता है। लेकिन भारत का श्रमिक वर्ग श्रम कल्याण सुविधाओं के लिए आज भी तरस रहा है। हमारे देश में मजदूरों का शोषण आज भी जारी है। समय बीतने के साथ मजदूर दिवस को लेकर श्रमिक तबके में अब कोई खास उत्साह नहीं रह गया है। बढ़ती महंगाई और पारिवारिक जिम्मेदारियों ने भी मजदूरों के उत्साह का कम कर दिया है। अब मजदूर दिवस इनके लिए सिर्फ कागजी रस्म बनकर रह गया है।

मजदूर दिवस दुनिया के सभी कामगारों, श्रमिकों को समर्पित होता है। इस बार की अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस 2024 की थीम है सामाजिक न्याय और सभी के लिए सभ्य कार्य। इसके अलावा भी कई बिंदुओं को रखा गया है। इस थीम का उद्देश है मज़दूरों की गरिमा का ख्याल रखना और उन्हें शांतिपूर्ण कामकाजी वातावरण प्रदान करना।

महात्मा गांधी ने कहा था कि किसी देश की तरक्की उस देश के कामगारों और किसानों पर निर्भर करती है। उद्योगपति खुद को मालिक समझने की बजाय अपने-आप को ट्रस्टी समझे। मगर ऐसा होता नहीं है। मालिक आज भी मालिक बने हुये हैं। मजदूर सिर्फ मजबूर होकर रह गया है। इसी कारण भारत में मजदूरों की स्थिति बेहतर नहीं है। हमारे देश की सरकार भी मजदूर हितों के लिए बहुत बातें करती है। बहुत सी योजनाएं व कानून बनाती है। मगर जब उनको अमलीजामा पहनाने का समय आता है तो सब इधर-उधर ताकने लग जाते हैं। मजदूर फिर बेचारा मजबूर बनकर रह जाता है।

गुरु नानक देव जी ने भी अपने समय में किसानों, मजदूरों और कामगारों के हक में आवाज उठाई थी। गुरु नानक देव जी ने 'काम करना, नाम जपना, बांट छकना और दसवंध निकालना का संदेश दिया था। गरीब मजदूर और कामगार का विनम्रता का राज स्थापित करने के लिए मनमुख से गुरमुख तक की यात्रा करने का संदेश दिया था।

मजदूर एक ऐसा शब्द है जिसके बोलने में ही मजबूरी झलकती है। सबसे अधिक मेहनत करने वाला मजदूर आज भी सबसे अधिक बदहाल स्थिति में है। दुनिया में एक भी ऐसा देश नहीं है जहां मजदूरों की स्थिति में सुधार हो पाया है। दुनिया के सभी देशों की सरकार मजदूरों के हित के लिए बातें तो बहुत बड़ी-बड़ी करती हैं मगर जब उनकी भलाई के लिए कुछ करने का समय आता है तो सभी पीछे हट जाती है। इसीलिए मजदूरों की स्थिति में सुधार नहीं हो पाता है।

भारत में एक मई का दिवस सबसे पहले चेन्नई में एक मई 1923 को मद्रास दिवस के तौर पर मनाना शुरू किया गया था। इस की शुरुआत भारती मजदूर किसान पार्टी के नेता कामरेड सिंगरावेलू चेट्यार ने शुरू की थी। भारत में मद्रास के हाईकोर्ट सामने एक बड़ा प्रदर्शन किया और एक संकल्प के पास करके यह सहमति बनाई गई कि इस दिवस को भारत में भी कामगार दिवस के तौर पर मनाया जाये और इस दिन छुट्टी का ऐलान किया जाये। वर्तमान में भारत समेत लगभग 80 मुल्कों में पहली मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है।

हमारे देश केमजदूरों को न तो मालिकों द्वारा किए गए कार्य की पूरी मजदूरी दी जाती है और ना ही अन्य वांछित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती है। गांव में खेती के प्रति लोगों का रुझान कम हो रहा है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग मजदूरी करने के लिए शहरों की तरफ पलायन कर जाते हैं। जहां ना उनके रहने की कोई सही व्यवस्था होती है ही उनको कोई ढ़ग का काम मिल पाता है। मगर आर्थिक कमजोरी के चलते शहरों में रहने वाले मजदूर वर्ग जैसे तैसे कर वहां अपना गुजर-बसर करते हैं।

बड़े शहरों में झोंपड़ पट्टी बस्तियों की संख्या तेजी से बढ़ती जा रही है। जहां रहने वाले लोगों को कैसी विषम परिस्थितियों का सामना करता है। इसको देखने की न तो सरकार को फुर्सत है ना हीं किसी राजनीतिक दलों के नेताओं को। झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले मजदूरों को शौचालय जाने के लिए भी घंटों लाइनों में खड़ा रहना पड़ता है। झोपड़ पट्टी बस्तियों में ना रोशनी की सुविधा रहती है। ना पीने को साफ पानी मिलता है और ना ही स्वच्छ वातावरण। शहर के किसी गंदे नाले के आसपास बसने वाली झोपड़ पट्टियों में रहने वाले गरीब तबके के मजदूर कैसा नारकीय जीवन गुजारते हैं। उसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। मगर इसको अपनी नियति मान कर पूरी मेहनत से अपने मालिकों के यहां काम करने वाले मजदूरों के प्रति मालिकों के मन में जरा भी सहानुभूति के भाव नहीं रहते हैं। उनसे 12-12 घंटे लगातार काम करवाया जाता है। घंटो धूप में खडे रहकर बड़ी बड़ी कोठियां बनाने वाले मजदूरों को एक छप्पर तक नसीब नही हो पाता है।

हमारे देश में आज सबसे ज्यादा काई प्रताड़ित व उपेक्षित है तो वो मजदूर वर्ग है। मजदूरो की सुनने वाला देश में कोई नहीं हैं। कारखानो में काम करने वाले मजदूरो पर हर वक्त इस बात की तलवार लटकती रहती है कि ना जाने कब मालिक उनकी छटनी कर काम से हटा दे। कारखानो में कार्यरत मजदूरों से निर्धारित समय से अधिक काम लिया जाता है। विरोध करने पर काम से हटाने की धमकी दी जाती है। मजबूरी में मजदूर कारखाने के मालिक की शर्तों पर काम करने को मजबूर होता है। कारखानो में श्रम विभाग के मापदण्डो के अनुसार किसी भी तरह की कोई सुविधायें नहीं दी जाती है।

कई कारखानों में तो मजदूरों से खतरनाक काम करवाया जाता है जिस कारण उनको कई प्रकार की बिमारियां लग जाती है। कारखानों में मजदूरो को पर्याप्त चिकित्सा सुविधा, पीने का साफ पानी, विश्राम की सुविधा तक उपलब्ध नहीं करवायी जाती है। मालिको द्वारा निरंतर मजदूरों का शोषण किया जाता है। मगर मजदूरों के हितों की रक्षा के लिये बनी मजदूर यूनियनो को मजदूरो की बजाय मालिको की ज्यादा चिंता रहती है। हालांकि कुछ मजदूर यूनियने अपना फर्ज भी निभाती है मगर उनकी संख्या कम है।

हमारे देश का मजदूर दिन प्रतिदिन और अधिक गरीब होता जा रहा है। दिन रात रोजी-रोटी के जुगाड़ में जद्दोजहद करने वाले मजदूर को तो दो जून की रोटी मिल जाए तो मानों सब कुछ मिल गया। आजादी के इतने सालो में भले ही देश में बहुत कुछ बदल गया होगा। लेकिन मजदूरों के हालात तो आज भी नहीं बदले हैं तो फिर श्रमिक वर्ग किस लिये मजदूर दिवस मनाये।

हर बार मजदूर दिवस के अवसर पर सरकारे मजदूरो के हित की योजनाओं के बड़े-बड़े विज्ञापन जारी करती है। जिनमें मजदूरों के हितों की बहुत सी बाते लिखी होती हैं। किन्तु उनमें से अमल किसी बात पर नहीं हो पाता है। देश में सभी राजनीतिक दलों ने अपने यहां मजदूर संगठन बना रखे हैं। सभी दल दावा करते हैं कि उनका दल मजदूरो के भले के लिये काम करता है। मगर ये सिर्फ कहने सुनने में ही अच्छा लगता है हकीकत इससे कहीं उलटी हैं।

## कठिन परिस्थितियां बताकर नहीं आतीं, सजग रहे सावधान रहे

जीवन में कठिन परिस्थितियों कभी बता कर नहीं आतीं हैं, इसीलिए मनुष्य को हर कठिन तथा विषम परिस्थिति के लिए सदैव सजग तथा सावधान रहने की आवश्यकता है। खुशियां तथा अवसाद हर मनुष्य के जीवन के दो पहलू हैं अब यह आप पर निर्भर है कि आप इन परिस्थितियों को किस तरह अपने जीवन में आत्मसात कर संतुलित करते हैं।

जीवन एक गणित की तरह है कभी-कभी दो और दो चार तथा कभी दो और दो पांच भी हो जाते हैं दो और दो पांच का मतलब विषम परिस्थितियों का सामना करना। वैसे भी जीवन मैं ऊंचाइयां पाने के लिए सदैव संघर्षरत रहना होता है।

सिर्फ मानव प्रजाति में सोचने समझने और मुस्कुराने की शक्ति होती है। मनुष्य की सर्व चेतनाओं से परिपूर्ण होता है । पत्थरों में चेतना शून्य होती है, पेड़ पौधों में पल्लवित पुष्पित होती है,पशु पक्षियों में चलायमान होती है और मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जिसमें मानव मस्तिष्क चिंतन मनन कर किसी समस्या का समाधान निकालता हैंद्य यह सर्वविदित है कि मनुष्य का जीवन विभिन्न सामाजिक मानसिक संघर्षों का केंद्र होता है।

मनुष्य ने सदैव मानसिक शारीरिक शक्ति और दृढ़ संकल्प के बलबूते पर हर समस्या पर समय-समय पर विजय प्राप्त की है, और अपने लक्ष्य को बड़ी दृढ़ता के साथ प्राप्त किया हैद्य मनुष्य के जीवन में जब उत्साह, ऊर्जा एवं अपनी क्षमताओं के उपयोग करने का पूर्ण रूप से आत्मविश्वास होता है तो वह परिस्थितियों का सामना बखूबी कर अपने जीवन को सुचारू रूप से संचालित करता हैद्य एक मानव प्रजाति ही ऐसी प्रजाति है जिसकी संकल्प शक्ति इतनी ऊर्जावान एवं महत्वपूर्ण होती है कि वह प्रगति की विविधताओं, विषमताओं एवं अपार शक्ति को भी आसानी से नियंत्रित कर लेता है एवं उसका स्वयं के लिए समाज के लिए देश के लिए सकारात्मक उपयोग करने में भी सक्षम होता हैद्य जीवन में मनुष्य को सदैव अपने आप को व्यस्त रख कार्यशील रहना चाहिए, क्योंकि व्यस्त व्यक्ति ही किसी कार्य को उसकी परिणति तक पहुंचा सकता है ,खाली दिमाग सदैव शैतान का होता है एवं उसमें नकारात्मक विचार प्रवेश कर मन को मायूस कर देते हैं। आपका मन या मनोबल या संकल्प ही जब एकाग्र चित्त ऊर्जावान तथा शक्तिशाली होगा तो आपके सामने की कितना भी क्लिष्ट व कठिन लक्ष्य हो उसमें आप सफलता अवश्य पा सकेंगे। इसलिए मनुष्य को सदैव कर्मरत रहना चाहिए ।इसका यह भी अभिप्राय है कि मनुष्य को अपने आपको सदैव स्वस्थ्य एवं व्यस्त रखना चाहिए।

मन में दृढ़ संकल्प रखकर हमारी दुनिया में लोगों ने ऐसे असंभव कठिन तथा दुरूह कार्यों को अपनी जड़ मानसिक शक्ति से संभव कर दिखाया है जिसकी हम कतई कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों की विपन्न स्थिति एवं आर्थिक कमी के बावजूद उन्होंने अपनी मानसिक दृढ़ता ,उच्च संकल्प शक्ति और संगठन क्षमता के दम पर भारत देश को आजाद कराया ।

## सुख और अवसाद

नदिया, पहाड़ और झरने
सदैव एक से होते हैं
ना बाढ़ से परेशान
ना सुखे से हलाकान,
पहाड़ चट्टान सदृश्य कठोर
नदियों में निर्बाध प्लावन
झरनों में स्निग्धता।
परिस्थितियों भी मौसम की तरह है
कभी सावन, कभी
भादो,कभी आषाढ़
कभी भयानक सूखा
कभी भयानक बाढ़,
हे मनुष्य, जीवन तो जीवन है
तेरा,मेरा नहीं सबका है,
क्यों ना हम निस्पृह रहें,
इन पेड़ों और पत्तियों
टहनियों की तरह
ना बारिश से परेशान
ना पतझड़ से हैरान।
सुख और आनंद
दुख और अवसाद
चाहत का अतिरेक
स्पृहा का मोहपाश
मोह के मायाजाल
का अदृश्य स्वरूप,
कृष्ण ने भी कहा है
क्या लेकर आया है
क्या लेकर जाएगा,
खाली हाथ आया है
खाली हाथ जाएगा,
फिर क्यों इतनी
चाहत,लोभ, कामना ?
आओ मिलकर मुस्कुराए
अबोध नन्हे की तरह
बात-बात पर खिलखिलाएं
और हो जाएं निराकार पवन की तरह
बहते जाएं उतुंग शिखर में,
विचार रहित आकाश में
कामनाओं, आकांक्षाओं से मुक्त
मासूम नवजात की तरह।

# एलन मस्क का भारत से रुख़ कहीं चीन को लगी मिर्ची ने तो नहीं मोड़ा ?



भारत यात्रा टलने के बाद अचानक चीन पहुंचे एलन मस्क -कई सवाल खड़े हुए ?

एलन मस्क की भारत यात्रा स्थगित होना,चीन यात्रा को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं करनां,चीन को मिर्ची लगने के परिणाम का अंजाम,कयास लगाना लाज़मी है-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां के विकसित व विकासशील देशों की नज़रें भारत पर लगी हुई है। क्योंकि अनेक महत्वपूर्ण वैश्विक एजेंसियों द्वारा भारत के विकास कार्यों की रेटिंग कर तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था व शीघ्र विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनने के अनुमानों का को दुनियां रेखांकित कर रही है,यही कारण है कि यहां विकास नीतियों का पत्ता भी हिल्ता है तो,विस्तारवादी देश सहित अनेक देशों को शायद मिर्ची लग जाती है ।बता दें कि टेक्स्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क 21-23 अप्रैल2024 को भारत दौरे पर आने वाले थे व माननीय पीएम से भी मुलाकात थी, परंतु अचानक 20 अप्रैल 2024 को एक्स ट्विटर पर जानकारी देकर भारत दौरा स्थगित कर दिया गया वजह 23 अप्रैल 2024 को अमेरिका में टेक्सले की पहली कॉन्फ्रेंस कॉल बताई गई थी, परंतु तब चीन को मिर्ची लगने का कारण यह भी हो सकता है कि पहले चीन भारत में ईवी सेक्टर में एंट्री करने को काफी उत्सुक था,परंतु भारत ने अनुमति नहीं दी जो अब टैक्सला करने जा रही थी तो मिर्ची लगना स्वाभाविक भी था। परंतु अब अचानक रविवार दिनांक 28 अप्रैल 2024 को एलन मस्क के चीन पहुंचने व चीनी पीएम से सीधे मुलाकात करने और चीन यात्रा को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं करने करना चीनी मिर्ची के परिणाम का अंजाम होने के कयास लगाए जा रहे हैंजिनको रेखांकित करना होगा। चूंकि एलन मस्क का रुख कहीं चीन ने अपने तरफ तो नहीं मोड़ा ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,एलन मस्क की भारत यात्रा स्तथगित होना,चीन को सार्वजनिक रूप से चिन्हित नहीं कर पहुंचना,चीन को मिर्ची के परिणाम का अंजाम केकयास लगना लाजमी है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क की 28 अप्रैल 2024 को अचानक चीन यात्रा की करें तो,अरबपति कारोबारी एलन मस्क रविवार को अचानक बीजिंग पहुंच गए। इस बीच चीन के बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार में उनके द्वारा टेस्ला की स्वचालित ड्राइविंग तकनीक का अनावरण करने की भी अटकलें हैं। मस्क ने रविवार को चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की और अपनी वाहन कंपनी टेस्ला के लिए भविष्य की विस्तार योजनाओं पर चर्चा की। ली ने मस्क से कहा कि चीन का विशाल बाजार विदेशी वित्तपोषित उद्यमों के लिए हमेशा खुला रहेगा। उन्होंने कहा कि चीन विदेशी वित्तपोषित उद्यमों को बेहतर कारोबारी माहौल और मजबूत समर्थन प्रदान करने के लिए बाजार पहुंच का विस्तार करने और सेवाओं में सुधार करने पर कड़ी मेहनत करेगा ताकि सभी देशों की कंपनियां शांत मन से चीन में निवेश कर सकें। हांगकांग के समाचार पत्र पोस्ट ने लिखा कि मस्क के स्टेट काउंसिल में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों और बीजिंग में पुराने दोस्तों से मिलने की संभावना है। मस्क ने शंघाई में सात अरब डॉलर के निवेश से एक ईवी संयंत्र स्थापित किया था, जिसके बाद से उनकी टेस्ला ईवी चीन में लोकप्रिय हो गई है। इस संयंत्र में उत्पादन 2020 में शुरू हो गया था ।ली ने कहा कि चीन में टेस्ला के विकास को चीन अमेरिका आर्थिक सहयोग का एक सफल उदाहरण कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि तथ्यों ने साबित कर दिया है कि समान सहयोग और पारस्परिक लाभ दोनों देशों के सर्वोत्तम हित में हैं। चीन के पीएम ने कहा कि उम्मीद है कि अमेरिका और चीन बीच में मिलेंगे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के रणनीतिक मार्गदर्शन में द्विपक्षीय संबंधों के स्थिर विकास को बढ़ावा देंगे। चीन परिषद के बुलावे पर बीजिंग पहुंचे मस्क चीनी मीडिया की रिपोर्ट्स के अनुसार, एलन मस्क चीन की अंतरराष्ट्रीय व्यापार बढ़ाने वाली परिषद (सीसीपीआईटी) के बुलावे पर बीजिंग पहुंचे हैं, जहां वे परिषद के अध्यक्ष रेन होंगबिन से भी मुलाकात करेंगे और टेस्ला और चीन के बीच आगे सेसहयोग पर चर्चा करेंगे। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कारें बनाने वालीकंपनी टेस्ला चीन में काफी लोकप्रिय है। मस्क की कंपनी चीन में प्रीमियम श्रेणी की इलेक्ट्रिक कारें बनाती हैं, लेकिन बीते कुछ समय से चीन की ईवी कार बनाने वालीकंपनियों से टेस्ला को कड़ी प्रतिस्पर्धा मिल रही है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क के 21-23 अप्रैल2024 को भारत यात्रा फिर 20 अप्रैल 2024 को अचानक स्थगन की करें तो, पिछले हफ्ते एलन मस्क भारत दौरे पर आने वाले थे, इस दौरान वो अरबों डॉलर एक निवेश योजनाओं का ऐलान भी करने वाले थे। लेकिन अचानक खबर आई कि मस्क फ़िलहाल भारत नहीं आ रहे हैं ।दरअसल, भारत आने से पहले दुनियां के तीसरे सबसे अमीर बिजनेसमैन एलन मस्क को बड़ा झटका लग गया था। ये झटका 24 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का था। कंपनी का मार्केट कैप भी बुरी तरह 500 अरब डॉलर से नीचे आ गया है। जिसके चलते उन्हें भारत दौरा एक बार फिर कैंसिल करना पड़ाथा ऐसी जानकारी मीडिया में दी गई है।

हालांकि, उन्होंने इसके पीछे वजह बताई अपने एक्स हैंडल पर बताई उन्होंने कहा कि टेस्ला दायित्वों के कारण भारत की यात्रा में देरी हो रही है। वो इस साल के अंत तक भारत आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार, एलन मस्क ने टेस्ला के तिमाही नतीजे जारी करने कि डेट पहले से ही फिक्स कर रखी थी ।ऐसे में भारत विजिट के बाद तिमाही नतीजे लेट होने की संभावना थी। यही वजह है कि एलन मस्क ने भारत दौरे को टाल दिया है। हालांकि, साल के अंत तक वह कब तक आएंगे, अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

साथियों बात अगर हम एलन मस्क के भारत दौरे पर चीन को मिर्ची लगने की करें तो,चीन को टेस्ला की भारत में संभावित एंट्री पसंद नहीं आ रही है। चीनी सरकार के मुखपत्र माने जाने वाले ग्लोबल टाइम्स ने भारत के टेस्ला को आमंत्रित करने के महत्वाकांक्षी कदम पर यह भविष्यवाणी करके रोक लगा दी है कि यह काम नहीं करेगा, क्योंकि यह बहुत जल्दबाजी में लिए गए फैसले जैसा लगता है, जो कि बहुत कम तैयार और अपरिपक्व भारतीय बाजार के लिए उपयुक्त नहीं है। यह निराशाजनक टिप्पणी इस बात को नजरअंदाज करती है कि कई बड़े चीनी ईवी मैन्युफैक्चरर्स ने पहले भारत में ईवी बनाने में रुचि दिखाई थी, लेकिन भारत सरकार ने उन्हें अनुमति नहीं दी थी।

सीमा विवादों के कारण भारत चीन संबंध खराब हो गए हैं, जिन्हें लेकर पहले झड़पें भी हो चुकी हैं। भारत ने चीनी निवेश की गहन जांच की है और कई चीनी बिजनेसेस की गलत कार्यों के लिए जांच की है। चीनी सरकार के मुखपत्र का का कहना था टेस्ला भारत में सक्सेसफुल नहीं होगी।

# शार्ट न्यूज

## अमेठी से स्मृति ईरानी ने भरा पर्चा

अमेठी। केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद स्मृति ईरानी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोकसभा प्रत्याशी के तौर पर सोमवार को अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद थे। यह लगातार तीसरा मौका है जब ईरानी ने अमेठी से अपना पर्चा दाखिल किया है। नामांकन से पूर्व विशाल रोड शो निकाला गया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि जिस प्रकार अमेठी के लोगों ने 2019 में उनको जीत दिला कर इतिहास रचा था, उसी प्रकार इस बार भी इतिहास दोहराया जाएगा। ईरानी ने दोपहर एक बजे के बाद नामांकन दाखिल किया।इस दौरान विजय रथ से वहा मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा मैं मोहन जी को कहना चाहती हूं कि अमेठी के कार्यकर्ताओं ने 2019 में भारत की राजनीति में इतिहास रचा था। अमेठी के साधारण कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को उनके घर में परास्त किया था। एक समय था जब कांग्रेस के प्रति एक शब्द बोलने पर जेल में भेज दिया जाता था।इस अवसर पर मोहन यादव ने कहा अमेठी से हमारा गहरा रिश्ता है। अमेठी पहले सुल्तानपुर जिला का हिस्सा था। वहां हमारी ससुराल है। हमें यहां आकार बहुत प्रसन्नता हुई है।

## भाभी से झगड़े में बुआ ने भतीजी को मार डाला

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर में एक युवती ने भाभी से झगड़े के बाद अपनी साढ़े तीन साल की भतीजी की गला दबाकर हत्या कर दी। उसने पहले भतीजी को जमीन पर पटक-पटककर घायल कर दिया। फिर उसका गला दबा दिया। मौत के बाद बुआ ने भतीजी को चारपाई के नीचे छुपा दिया और अपना कमरा बंद करके आंगन में बैठ गई। मां काफी देर तक बच्ची को ढूंढती रही, लेकिन बुआ कुछ नहीं बोली। जब मां ने उससे कमरा खोलने के लिए कहा, तो वह घर से भाग गई। उसके बाद मां को शक हुआ। उसने अपने मायके वालों को पूरी बात बताई। साथ ही कुछ गांव वालों को भी घर बुलाया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। वहां बच्ची का शव चारपाई के नीचे पड़ा मिला। उसके सिर पर चोट के निशान थे। गले पर भी निशान पड़े थे। परिवार के लोग बच्ची को अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। मामला सुल्तानपुर के गोसाईंगंज थाने के अर्जुनपुर गांव का है। परिवार वालों ने इस मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां की तहरीर पर बुआ अर्चना के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। बच्ची की हत्या रविवार देर रात की गई। पुलिस ने अर्चना को गिरफ्तार कर लिया है। बच्ची का नाम गुड़िया था। गुड़िया 2 बहनें और एक भाई थी।

## संगीत सोम को जान से मारने की धमकी

मेरठ। मेरठ में भाजपा के फायरब्रांड नेता और सरधना सीट से पूर्व विधायक संगीत सोम को जान से मारने की धमकी मिली है। संगीत सोम को मिली धमकी से उनके समर्थकों में काफी नाराजगी है। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मेरठ के सरधना से भाजपा के पूर्व विधायक ठा. संगीत सोम को जान से मारने की धमकी देने के मामले में समर्थकों में रोष बना हुआ है। सोशल मीडिया पर इस वायरल वीडियो में व्यक्ति ने जान से मारने की धमकी दी है। संगीत सोम के समर्थकों ने सरूरपुर ब्लॉक के प्रमुख और जनता इंटर कॉलेज कपसाड़ के प्रबंधक ने सरधना और सरूरपुर थाने में अलग-अलग तहरीर देते हुए आरोपी की गिरफ्तारी और कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक व्यक्ति भाजपा के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम को जान मारने की धमकी दे रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने पर समर्थकों को इसकी जानकारी हुई। वीडियो में कहा गया है कि जिस प्रकार अतीक अहमद ने मुख्यमंत्री के सम्मान के खिलाफ बात कही थी, इसी प्रकार भाजपा के पूर्व विधायक ठाकुर संगीत सोम ने भी मुख्यमंत्री के सम्मान का विरोध किया है।

## नाबालिग-छात्रा को लेकर फरार शिक्षक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

महराजगंज। महराजगंज में नाबालिग छात्रा को बहला फुसलाकर कर भागा ले जाने वाले शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने शिक्षक के कब्जे से छात्रा को भी बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।छात्रा के पिता के तहरीर पर आरोपित शिक्षक के तलाश में पुलिस जुटी थी। बता दे कि नौतनवा थाना क्षेत्र स्थित चकदह गांव में संचालित एक प्राइवेट विद्यालय में पढ़ने वाली छठवीं की नाबालिग छात्रा को दो माह पूर्व आरोपी शिक्षक लेकर फरार हो गया था।तभी से पुलिस शिक्षक के तलाश में जुटी थी।आज पुलिस को उसके नौतनवां थाना क्षेत्र में होने की सूचना मिली।इस पर त्वरित कर्यवाई करते हुए आरोपित शिक्षक और नाबालिग छात्रा को पुलिस ने बरामद कर लिया। नौतनवा थाने में अभियुक्त के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया गया था।पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्त लक्ष्मण मिश्रा पुत्र सुखदेव मिश्रा, ग्राम वेनी,जयहिन्द तेन्दुआ, थाना माली जनपद औरंगाबाद बिहार का रहने वाला था।

## जौनपुर में युवक ने की पत्नी की हत्या

जौनपुर। जौनपुर में एक युवक ने ईंट से कूंच कर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। महिला मार खाते देख ग्रामीण उसके घर पहुंचे तो युवक वहां से फरार हो गया। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के अगहुआ गांव निवासी राजेंद्र की पत्नी गीता (45) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि आज सुबह राजेंद्र अपनी पत्नी को किसी बात को लेकर पीट रहा था। उसकी पत्नी बचाने के लिए गुहार लगा रही थी। मौके पर हम लोग पहुंचे तो वह उसे छोड़ कर फरार हो गया। उसके घर जाकर हम लोगों ने देखा तो उसकी पत्नी लहूलुहान पड़ी है। उसके सिर पर ईंट के गहरे चोट के निशान थे। गांव वालों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सभी लोग आनन-फानन में गीता को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां जांच के बाद डॉ. ने गीता को मृत घोषित कर दिया। लोगों ने बताया कि राजेंद्र यादव अपने अन्य भाइयों से अलग एक कमरा बनाकर रहता है। उसके साथ उसकी पत्नी गीता रहती थी। राजेंद्र के दो बच्चो की मौत पहले ही किसी बीमारी की वजह से हो चुकी है। सोमवार की सुबह पांच बजे गीता घर में मट्ठा मार रही थी। किसी बात को लेकर पति पत्नी आपस में झगडा करने लगे। जिससे क्रोधित हो राजेंद्र ईट से गीता के सिर पर ताबड़-तोड़ हमला कर दिया।

## ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकराई बस, 15 घायल

उन्नाव। उन्नाव-हरदोई हाईवे पर दूसरे दिन फिर से हादसा हो गया। इसमें ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित बस रोड किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। इसमें करीब 15 लोग घायल हो गए। इनमें से 9 गंभीर लोगों को सीएचसी फतेहपुर चौरासी व बांगरमऊ में भर्ती कराया गया। जबकि, करीब 6 लोगों को प्राथमिक इलाज देकर घर भेज दिया गया। पुलिस ने हादसे की जांच पड़ताल की है। बीते रविवार दोपहर हुई ट्रक-बस की टक्कर में घायल हुए लोग अभी इलाज कराकर घर नहीं पहुंच पाए थे कि सोमवार को फिर एक बस की ब्रेक फेल होने से पेड़ से टकरा गई। हादसे के बाद सवारियों में चीख-पुकार मच गई। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल मनीष (16) पुत्र राम सजीवन निवासी सदमपुर, हड़हा निवासी शबनम पत्नी चांद बाबू, सलीम पुत्र जमील, गंजमुरादाबाद में कार्यरत व मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी शुभम (25) पुत्र रंजीत को फतेहपुर चौरासी सीएचसी में भर्ती कराया। इसके साथ ही गांव गढ़ा बेहटा मुजावर निवासी शिवकली, हरदोई निवासी ज्योति, आंचल (10), शिवा (5), दिव्यांशु (5 माह) को बांगरमऊ सीएचसी भेजा गया। 6 मामूली घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। घटना के पीछे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। एक घायल को गंभीर देख डाक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बस में सवार एक महिला यात्री ने बताया कि चालक और परिचालक नशे में थे। इसके पहले भी एक दो वाहनों में बस टकराने से बची थी।

# राजनाथ और योगी के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

लखनऊ। रक्षा और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह ने सोमवार को राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रोड शो निकाला जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने शिरकत की।

चिलचिलाती गर्मी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विकास रथ पर सवार श्री सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ योगी आदित्यनाथ हाथ में कमल का फूल और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे। भाजपा कार्यालय से प्रारंभ हुआ रोड शो कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने योगी-राजनाथ पर पुष्पवर्षा भी की। पूरा रास्ते भाजपा के झंडे संग भगवामय रहा।

रोड शो में उत्तरांखड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, देवरिया के सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज बोरा, पंकज सिंह आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। योगी आदित्यनाथ ने बीच-बीच



में स्वयं कमान संभाल लेते हुए व्यवस्था संभालने का आह्वान जनसमुद्र से करते रहे। योगी ने लखनऊवासियों का आभार जताया तो भारत मां की जयकार, वंदे मातरम, फिर एक बार-मोदी सरकार आदि नारे लगवाते रहे। योगी आदित्यनाथ रास्ते की व्यवस्था को भी माइक से संभालते रहे। अव्यवस्था न हो, इसके लिए बीच-बीच में भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यवस्था से जुड़े लोगों को रथ से ही निर्देश भी देते रहे। विकास रथ पर राजनाथ सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो योगी आदित्यनाथ कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर अबकी बार-400 पार का संवाद भी करते रहे। रोड शो के दौरान देशभक्ति गीत भी लोगों में जोश भरता रहा। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे. ऐ वतन-ऐ वतन आदि गीतों पर ढोल-नगाड़े संग लोग झूमते रहे। वहीं बीच में आई एंबुलेंस को भी रास्ता देकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी संजीदगी को दर्शाया। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन व जोश भी दिखा।

राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ी भीड़ पल-पल की तस्वीर को कैमरे में कैद करती रही। भाजपा का कार्यकर्ता हो या आम जनमानस, हर कोई अपने मोबाइल में पल-पल की तस्वीर को खींच रहा था। वहीं राजनाथ सिंह और योगी आदित्यनाथ कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई और आमजन का अभिवादन भी करते नजर आए।

# यूपी के 32 शहरों में हीटवेव का रेड अलर्ट

**तापमान 45 के पार जाएगा; वेस्ट के 16 जिलों में आंधी-बारिश के आसार; कानपुर सबसे गर्म**

कानपुर। यूपी में हीटवेव का कहर बरकरार है। अभी इससे राहत नहीं मिलने वाली है। आज भी 32 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट है। पारा 45एष्ट के पार जा सकता है। 30-40 किमी की स्पीड से हवाएं भी चलेंगी। बादलों की लुकाछिपी बनी रहेगी। बूंदाबांदी भी हो सकती है।

पश्चिमी यूपी के 16 जिलों में आंधी-बारिश का भी अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार- दोपहर 2 बजे जैसी गर्मी अब सुबह 11 बजे महसूस होगी।

ऐसा वेट बल्ब कंडीशन की वजह से हो रहा है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से अब भी नम हवाएं आ रही हैं। इससे पारा भले ही कम हो, लेकिन गर्मी का फील 45 डिग्री वाला ही हो रहा है।

सीएसए यूनिवर्सिटी के मौसम



विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया- प्रदेश में कानपुर सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.6 दर्ज किया गया। यह इस सीजन में अब तक का सबसे अधिक है। बीते 5 साल में 28 अप्रैल को सबसे अधिक भी रहा।

28 अप्रैल 2019 को 42.4 डिग्री दर्ज हुआ था। कानपुर के बाद वाराणसी 42.8 और प्रयागराज 42.6 रिकॉर्ड किया गया।

### 43 डिग्री पहुंचा वाराणसी का पारा

वाराणसी में सुबह 7 बजे ही तेज धूप निकली हुई है। 8 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवा चल रही है। सुबह 9 बजे तक वाराणसी का तापमान 36 दर्ज किया गया। रविवार को अधिकतम तापमान 43 पर पहुंच गया था।

मौसम विभाग विभाग ने आज से अगले 3 दिन तक हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। वाराणसी समेत पूरे पूर्वांचल के जिलों में यलो अलर्ट भी जारी कर दिया है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि 1 मई को वाराणसी में काफी तेज स्पीड में लू यानी कि गर्म हवा बहेगी।

### झांसी में 41 पार पहुंचा तापमान

झांसी में तेज धूप के साथ ही गर्मी का सितम बढ़ने लगा है। तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। रविवार को अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज आसमान साफ रहेगा। मंगलवार और बुधवार को जनपद में दिन में तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है।

# बाराबंकी में बस की टक्कर से दो युवकों की मौत

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जिले के कुर्सी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह तेज रफ्तार रोडवेज बस की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह मजदूरी करने लखनऊ जा रहे बाइक सवार युवकों को तेज़ रफ़्तार रोड़वेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बस चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया और दोनों मृतकों के शवों को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बड्डूपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गौरभारी निवासी विकास




उर्फ गुड्डू (25) सरवन कुमार (25) व तुलसी कुमार (24) शिवकुमार लखनऊ में मजदूरी का काम करते हैं। सोमवार को रोजाना की तरह तीनो बाइक से मजदूरी करने लखनऊ जा रहे थे।

लखनऊ महमूदाबाद मार्ग पर कुर्सी थाना क्षेत्र अंतर्गत निंदूरा के पास तेज़ रफ़्तार रोडवेज बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तुसली पुत्र शिवकुमार और विकास पुत्र रामप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सरवन पुत्र शिवकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया।

# हरदोई में नहर में उतराया मिला युवक का शव

एजेंसी

हरदोई। हरदोई में सोमवार को युवक का शव नहर में उतराया मिला। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। शारदा नहर में नहा रहा लखीमपुर का युवक तेज़ पानी के बहाव में बह गया था।

दो दिन तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन उसका कहीं कुछ भी पता नहीं चला। लोनार पुलिस ने सोमवार को तीसरे दिन उसी युवक की डेड बॉडी बावन-सराय के बीच नहर से बरामद की। पुलिस मामले की जांच की कर रही है।

लखीमपुर ज़िले के मोहम्मदी के मोहल्ला बबौरी निवासी 19 वर्षीय सोनू गुप्ता पुत्र नारायण गुप्ता और उसके दोस्तों ने नहर में नहाने का प्लान बनाया। वे सभी शनिवार को बाइक से शाहजहांपुर केसिधौली के पास से निकली शारदा नहर में नहाने पहुंचे। यहां पानी के तेज बहाव के साथ नहा रहा सोनू बह गया।

### नहर में मिली डेड बॉडी

जिसे देख उसके दोस्त चीखने-चिल्लाने लगे। सोनू की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

सोमवार की सुबह लोनार पुलिस को पता चला कि बावन-सराय के बीच शारदा नहर में कोई डेड बॉडी उतरायी है।

मौके पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी बरामद की। जांच में पता चला कि नहर से बरामद हुई डेड बॉडी शाहजहांपुर के सोनू गुप्ता की है।

## महोबा में किसान की जलकर मौत

**महोबा।** महोबा में फसल को आग से बचाते समय वृद्ध किसान की जिन्दा जल कर मौत हो गई। सूचना के बाद देर से पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया, लेकिन इस अग्नि काण्ड में किसान सहित उसकी पूरी फसल जलकर राख हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन के पास देशराज यादव का खेत और पशु बाड़ा अचानक आग की चपेट में आ गए। अपने खेत और पशुओं को बचाने के लिए वृद्ध किसान देशराज आग बुझाने का भरसक प्रयास करता रहा और वह आग की लपटों में घिर गया और देखते ही देखते उसकी जलकर मौत हो गई। किसान की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक का पुत्र राजेंद्र सिंह ने बताया कि पड़ोसी के खेत में आग लगी थी और धीरे धीरे आग बढ़ती हुई हमारे खेत में जा पहुंची।

# बिजनौर में फर्जी दारोगा गिरफ्तार

**वर्दी पहनकर वाहनों का चालान काट रहा था, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज**

बिजनौर। बिजनौर में वाहनों की चेकिंग कर वसूली करते करते हुए नगीना पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी दरोगा के पास से पुलिस ने पुलिस की वर्दी, नगदी और बाइक भी बरामद की है। पुलिस आरोपी को जेल भेजने की कवायद में जुट गई है। इससे पहले भी दो बार पकड़ा जा चुका है।

दरअसल, मामला बिजनौर के नगीना क्षेत्र का है। जहां पुलिस के एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी फर्जी दरोगा हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर कल्याण का रहने वाला सेंट्री पुत्र सोमपाल है।

बताया जा रहा है कि रविवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति दरोगा की वर्दी पहने हुए हैं और नगीना हरेवली रोड पर खो नदी के



पुल के पास वाहनों की चेकिंग कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और फर्जी दारोगा को पड़कर थाने ले आई।

### दो बार पहले हो चुका है गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक फर्जी दारोगा ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उसने वर्धमान डिग्री कॉलेज से बीएससी की है और उसके पिता होमगार्ड है। उसने बताया कि मैंने भी सरकारी नौकरी पाने के लिए काफी प्रयास किया था। कई बार पुलिस की परीक्षा भी दी, लेकिन नौकरी नहीं लगी। मैं काफी समय से बेरोजगार था पिताजी की वर्दी को देखकर मुझे भी पुलिस की वर्दी पहनने का मन होता था। इसी के चलते मैंने पहले भी दो बार पुलिस की फर्जी वर्दी पहनकर दो बार पकड़ा जा चुका है।

### 1150 रुपए की नगदी एक मोबाइल व एक बाइक बरामद

आरोपी के पास से पुलिस ने 1150 रुपए की नगदी एक मोबाइल व एक मोटरसाइकिल और पुलिस की वर्दी बरामद की है।

वहीं कोतवाल सुनील कुमार का कहना है कि आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है, विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# संभल पुलिस ने किया बैंक में चोरी का खुलासा

**दो सगे भाई सहित तीन गिरफ्तार, कैश बरामद, ऑनलाइन गेमिंग का कर्ज चुकाने को की वारदात**

संभल। संभल पुलिस ने 7 अप्रैल को हुई बैंक में चोरी का खुलासा करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। 3 लाख से अधिक की नकदी बरामद की है। बैंक में हुई इस चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने घटना का खुलासा किया है। आपको बता दें कि कर्ज चुकाने को दो सगे भाइयों ने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बैंक में चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

थाना क्षेत्र के गांव खग्गूपुरा स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से चोरी हुई थी। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। पुलिस ने बैंक में चोरी की



वारदात के 22 दिन बाद यानी आज सोमवार को इस घटना से पर्दा उठा दिया।

गिरफ्तार किए गए अभी आरोपियों ने नाम मनप्रीत और हर्ष चौधरी पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी अलीपुरा कुई थाना कांठ, जनपद मुरादाबाद एवं प्रखर चौहान पुत्र राजवीर सिंह गांव सिकंदरपुर थाना अमरोहा देहात जनपद अमरोहा है। एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि बैंक में हुई चोरी के मामले में तीन आरोपियों में से दो सगे भाइयों मनप्रीत एवं हर्ष चौधरी, उनके साथी प्रखर चौहान को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से 3,31,408 रुपए की नकदी, एक बाइक, अवैध असलहा एवं अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों मनप्रीत एवं हर्ष चौधरी ने बताया कि वह दोनों सगे भाई हैं, उनका मकान खंडहर नुमा है। करीब डेढ़ साल पहले उन्होंने ऑनलाइन गेम खेला था, जिसमें उन पर काफी कर्ज हो गया था। कर्ज को चुकाने के लिए उन्होंने बैंक में चोरी करने का प्लान तैयार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कई बैंकों में चोरी की घटनाओं के संबंध में यूट्यूब पर देखा था, जिसके बाद उन्होंने अपने साथी प्रखर चौहान के साथ मिलकर बैंक में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

# 50 लाख के लिए बहन ने किया भाई का मर्डर



मेरठ। मेरठ में रुपयों की खातिर बहन ने प्रेमी संग मिलकर भाई की हत्या कर दी। बहन ने 50 लाख रुपयों के लालच में आकर जान से प्यारे भाई की जान ले ली। पुलिस ने आरोपी बहन और उसके प्रेमी ड्राइवर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। स्थानीय गांव में जो भी कोई इस घटना को सुन रहा है उसके आंसू नहीं थम रहे। बहसूमा के भंडौरा गांव निवासी मोनवीर उर्फ मोनू (32) गांव के ही अमरीश पुत्र केशव शर्मा के साथ शुक्रवार सुबह कार से मवाना में रहने वाली बहन सुरेखा के घर गया था। सुरेखा 2017 में पति से तलाक के बाद दो बच्चों के साथ रामबाग कालोनी पक्का तालाब के पास किराए पर रहती है। शुक्रवार की ही शाम बहन सुरेखा अपने प्रेमी ड्राइवर अमरीश के साथ भाई मोनू की लाश लेकर अपने गांव भंडोरा पहुंची। जहां बहन ने भाई की तबियत बिगड़ने की कहानी सुनाकर सबको गुमराह कर दिया। बहन सुरेखा और अमरीश ने जिस तरह सभी घरवालों के सामने भाई की मौत की झूठी कहानी सुनाई तो सभी ने उस पर भरोसा कर लिया। किसी ने सोचा भी नहीं था कि सुरेखा ऐसा काम कर सकती है। मृतक मोनू के अंतिम संस्कार की क्रिया के समय जब परिजनों ने शर्ट के बटन खोले तो गले पर निशान देखा। निशान देखकर बड़े भाई सोहनवीर को शक हुई। उसने बहसूमा थाना पुलिस को जानकारी देकर बुलाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार पर जाने के बजाय पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिसमें पता चला कि गला दबाकर मोनू की हत्या हुई है। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ शुरू की। परिजनों ने बहन सुरेखा और अमरीश पर हत्या की आशंका जताते हुए सारी कहानी बताई। पुलिस ने सुरेखा, अमरीश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सारा सच सामने आया।

# फतेहपुर में सड़क हादसे में बहन की मौत, भाई घायल

फतेहपुर। फतेहपुर में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां चचेरे भाई के साथ बाइक पर सवार होकर कॉलेज में एडमिशन कराने के लिए जाते तेज रफ्तार डंपर ट्रक चालक ने टक्कर मार दिया। हादसे में भाई बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने बहन को मृत घोषित कर दिया और भाई का इलाज करने में लगे रहे। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। जिले के हठगांव थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव के रहने वाले रामदास की 18 साल की बेटी अंशू कुमारी अपने चचेरे भाई अमित (20) के साथ हुसैनगंज थाना क्षेत्र के इंटर कॉलेज से टीसी लेकर बाइक से शहर के कॉलेज में डी फार्मा का एडमिशन कराने जा रहा था। बजरंगापुर गांव के पास पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक से दोनों भाई बहन सड़क पर गिर गए। ट्रक का टायर युवती के दोनों पैर पर चढ़ने से युवती और युवक दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक को छोड़कर मौके से भाग गया। रास्ते से निकल रहे लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस के मदद से दोनों भाई बहन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यहां मौजूद डॉक्टर ने घायल युवती को मृत घोषित कर दिया और युवक को भर्ती कर इलाज में जुट गए।

## शार्ट न्यूज

### टाटा मोटर्स का कमर्शियल व्हीकल फ़ाइनैंसिंग के लिए साउथ इंडियन बैंक के साथ करार

मुंबई। व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने अपने कमर्शियल व्हीकल कस्टमर्स और डीलरो को सुविधाजनक फ़ाइनैंसिंग सॉल्यूशन मुहैया करवाने के लिए 'साउथ इंडियन बैंक' के साथ एक करार किया है। बैंक ने आज यहां कहा कि वह पूरे कमर्शियल व्हीकल पोर्टफ़ोलियो में फ़ाइनैंसिंग की पेशकश करेगा और ग्राहकों को बैंक के व्यापक नेटवर्क और विशेष रूप से क्यूरेटेड आसान रीपेमेंट प्लान्स से लाभ होगा। यह गठबंधन डीलरशिप को बेहतर सपोर्ट देने, विकास को बढ़ावा देने, अतिरिक्त आवश्यकताओं को कम करने, ब्याज दर कम करने और क्रेडिट प्रोसेसिंग को सुव्यवस्थित करने की दिशा में अहम प्रगति के रास्ते पर सबसे आगे रहता है। टाटा मोटर्स लॉजिस्टिक्स और मास मोबिलिटी सेगमेंट की बढ़ती ज़रूरतों को पूरा करने के लिए छोटे कमर्शियल वाहनों और पिकअप, ट्रकों और बस सेगमेंट में सब-1-टन से 55-टन कार्गो वाहनों और 10-सीटर से 51-सीटर मास मोबिलिटी सॉल्यूशन्स की व्यापक रेंज देता है। कंपनी अपने 2500 से अधिक टचपॉइंट्स के व्यापक नेटवर्क के ज़रिए असाधारण गुणवत्ता और सेवा प्रतिबद्धता तय करती है, जो प्रशिक्षित विशेषज्ञों की ओर से संचालित है और इसे टाटा जेन्यूइन पार्ट्स के आसान ऐक्सेस का सपोर्ट भी हासिल है।

### देबाशीष मित्रा काइनेटिक ग्रीन के तिपहिया वाहन कारोबार के अध्यक्ष नियुक्त

पुणे। इलेक्ट्रिक दो और तिपहिया वाहनों के निर्माता काइनेटिक ग्रीन एनर्जी एंड पावर सॉल्यूशंस लिमिटेड ने तिपहिया व्यवसाय के अध्यक्ष के रूप में श्री देबाशीष मित्रा की नियुक्ति की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक के करियर के साथ श्री मित्रा काइनेटिक ग्रीन की महत्वाकांक्षी यात्रा में अमूल्य विशेषज्ञता और नेतृत्व लेकर आए हैं। कंपनी ने इन-हाउस अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और मेक इन इंडिया पहल पर फोकस के साथ भारत में ई3डब्ल्यू के एल3 और एल5 मॉडल की एक विस्तृत श्रृंखला विकसित की है। कंपनी का लक्ष्य एल 3 यात्री और कार्गो श्रेणियों के साथ-साथ एल 5 कार्गो श्रेणी में अपने मौजूदा परिचालन को पूरक करते हुए, एल 5 यात्री खंड में प्रवेश करके अपनी श्रेणी की उपस्थिति को बढ़ाना है। श्री मित्रा के करियर में 3-व्हीलर और 4-व्हीलर सेगमेंट की प्रसिद्ध कंपनियों में नेतृत्व की भूमिकाएँ शामिल हैं। उनके कार्यकाल में अल्टीग्रीन, ग्रीव्स कॉटन, मर्सिडीज बेंज, टोयोटा किर्लोस्कर, हिंदुस्तान मोटर्स और एटलस कोप्को में महत्वपूर्ण योगदान शामिल है।

### इंडेजीन लिमिटेड का आईपीओ 6 मई, 2024 को खुलेगा




**मुंबई ( अनिल बेदाग )।** इंडेजीन लिमिटेड (कंपनी) ने सोमवार, 06 मई, 2024, 2024 को अपनी इनीशियल पब्लिक ऑफरिंग (ऑफर) खोलने का प्रस्ताव रखा है। बोली/प्रस्ताव समापन तिथि बुधवार, 08 मई, 2024 होगी। इंडेजीन लिमिटेड (इक्विटी शेयर) के दो रुपए अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर का मूल्य बैंड 430 रुपए प्रति इक्विटी शेयर से 452 रुपए प्रति इक्विटी शेयर की सीमा में तय किया गया है। एंकर निवेशक बोली की तारीख बोली/प्रस्ताव खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, यानी शुक्रवार, 03 मई, 2024। बोली न्यूनतम 33 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 33 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है।

### ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी का इस्तीफा

नई दिल्ली। ओला कैब्स के सीईओ हेमंत बख्शी ने अपनी ज्वाइनिंग के चार महीने बाद ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी अपने पुनर्गठन पर विचार कर रही है, इसके तहत 10 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों की छंटनी भी संभव है। खबर के अनुसार बख्शी का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। बख्शी जनवरी में कंपनी से जुड़े थे। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले कहा गया है कि कंपनी में पुनर्गठन से कुछ भूमिकाएं समाप्त हो जाएंगी और इससे 10त्न कार्यबल यानी करीब 200 लोगों को छंटनी का सामना करना पड़ सकता है। बता दें कि दिसंबर में, कंपनी की सहयोगी ओला इलेक्ट्रिक ने बाजार नियामक सेबी को अपने आईपीओ के लिए प्रस्ताव (ष्ठक्रा॥क्क) सौंपा था। इस आईपी के माध्यम कंपनी 7,250 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। यह एक भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) कंपनी के 2010 में स्थापित ओला कैब्स में सॉफ्टबैंक और टाइगर ग्लोबल जैसे प्रमुख निवेशकों का साथ मिला है। ओला कैब्स ने हाल ही में चुनिंदा देशों में अपने अंतरराष्ट्रीय परिचालन को बंद करने का भी फैसला किया है।

### गूगल में खत्म नहीं हो रहा छंटनी का सिलसिला



नई दिल्ली। गूगल ने पिछले कुछ हफ्तों में बड़ी संख्या में कर्मचारियों की छंटनी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सुंदर पिचाई की अगुवाई वाली कंपनी ने अब सस्ते श्रम को प्राथमिकता देते हुए अपनी पूरी पायथन टीम को निकाल दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, गूगल ने कंपनी की श्रम लागत कम करने के लिए अमेरिका के बाहर के कर्मचारियों को बहाल करने का फैसला किया है। इससे पहले बिजनेस इनसाइडर ने हाल ही में खुलासा किया था कि गूगल ने अपने रियल एस्टेट और वित्त विभागों में नौकरियों में कटौती की है। इससे गूगल की ट्रेजरी, बिजनेस सर्विसेज और रेवेन्यू कैश ऑपरेशंस जैसी टीमें प्रभावित हुई। गूगल के वित्त प्रमुख रूथ पोराट ने कर्मचारियों को एक ईमेल भेजकर कहा था कि कि पुनर्गठन का फैसला बैंगलोर, मैक्सिको सिटी और डबलिन में कंपनी के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए है। इसके अलावा, गूगल ने जनवरी में भी कई टीमों में सैकड़ों कर्मचारियों की छंटनी की थी, जिसमें इंजीनियरिंग, हार्डवेयर और सहायक टीमें शामिल थीं।

### ईओडब्ल्यू ने बैंक से कथित हेराफेरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने मयूरभंज के जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) की 9.6 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का रहने वाला पोमेश टेंभरे है। ईओडब्ल्यू के अधिकारी ने बताया कि उसे 26 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया और सोमवार को बालासोर में एक अदालत में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी बैंक ऑफ इंडिया, बारीपदा के मुख्य प्रबंधक द्वारा दर्ज एक पुलिस केस के आधार पर की गई। पुलिस के मुताबिक, उक्त जालसाज क्लोन चेक दिखाकर 9.56 करोड़ रुपये ट्रांसफर करने में कामयाब रहा। उन्होंने बताया कि अवैध रूप से हस्तांतरित राशि में से 5.04 करोड़ रुपये ब्लॉक कर दिया गया है और 33 खातों में पड़े 13.56 लाख रुपये के लेन-देन पर रोक लगा दी गई है। पोमेश नक्सल प्रभावित एक गांव में छिपा हुआ था और उसका मोबाइल फोन बंद था। ओडिशा ईओडब्ल्यू की टीम ने स्थानीय पुलिस और सीएपीएफ की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया।

# ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में चढ़ा बाजार



मुंबई। अमेरिकी फेड रिजर्व की मंगलवार से शुरू हो रही दो दिवसीय बैठक में ब्याज दरों में कटौती किये जाने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने एक प्रतिशत से अधिक की उड़ान भरी।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 941.12 अंक अर्थात 1.28 प्रतिशत की उड़ान भरकर 74,671.28 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत उछलकर 41,918.09 अंक और स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत चढ़कर 47,270.05 अंक हो गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4088 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2015 में लिवाली जबकि 1894 में बिकवाली हुई वहीं 179 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 32 कंपनियों में तेजी जबकि 18 में गिरावट रही।

बीएसई में सर्विसेज और रियल्टी समूह की 0.99 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान बैंकिंग 2.70, कमोडिटीज 0.49, ऊर्जा 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.81, इंडस्ट्रियल्स 0.48, यूटिलिटीज 1.12, धातु 0.40, तेल एवं गैस 1.02 और पावर समूह के शेयर 0.90 प्रतिशत मजबूत रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.47, जापान का निक्केई 0.81, हांगकांग का हैंगसेंग 0.54 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.79 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.08 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 253 अंक की तेजी के साथ 73,982.75 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 73,922.34 अंक के निचले स्तर पर आ गया। इसके बाद हुई लिवाली से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 74,721.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,730.16 अंक की तुलना में 1.28 प्रतिशत की छलांग लगाकर 74,671.28 अंक हो गया।

निफ्टी भी 56 अंक की बढ़त लेकर 22,475.55 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,441.90 अंक के निचले जबकि 22,655.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 22,419.95 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 22,643.40 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की लाभ कमाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 4.67, एसबीआई 3.09, अल्ट्रासिमको 2.93, इंडसइंड बैंक 2.90, एक्सिस बैंक 2.47, एनटीपीसी 2.07, कोटक बैंक 1.98, टीसीएस 1.51, बजाज फाइनेंस 1.28, एचडीएफसी बैंक 1.26, सन फार्मा 1.18, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.00, रिलायंस 0.95, एलटी 0.94, टाटा स्टील 0.93, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.91, नेस्ले इंडिया 0.90, एशियन पेंट 0.83, टेक महिंद्रा 0.67, पावरग्रिड 0.55, भारती एयरटेल 0.47, इंफोसिस 0.39, टाइटन 0.32, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.25, मारुति 0.14 और टाटा मोटर्स 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, एचसीएल टेक 5.79, आईटीसी 0.44, विप्रो 0.37 और बजाज फिनसर्व के शेयर 0.01 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# लक्ज़री इटालियन सैलून लुका पियाटेली दिल्ली में

**एजेंसी**

नयी दिल्ली ।सौंदर्य उद्योग में विलासिता को परिभाषित करने वाला इतालवी लक्जरी सैलून ब्रांड लुका पियाटेली का राजधानी दिल्ली में शुभारंभ किया गया है।

इतालवी दूतावास के व्यापार संवर्धन कार्यालय के व्यापार आयुक्त / निदेशक एंटोनियेटा बेकनरी और उप व्यापार आयुक्त एलियाना ज़प्पला की मौजूदगी में आयोजित एक कार्यक्रम में राजधानी के सफदरजंग एन्क्लेव में लुका पियाटेली के पहले फ्लैगशिप स्टोर को शुरू किया गया। भारत में अपने उद्यम पर टिप्पणी करते हुए लुका पियाटेली के संस्थापक लुका पियाटेली ने कहा, हमारे लॉन्च कार्यक्रम में एंटोनियेटा बेकनारी और एलियाना ज़प्पला की उपस्थिति से हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं। जैसे ही हम भारत में इस रोमांचक यात्रा पर निकल रहे हैं, हम कृतज्ञता और उत्साह से भरे हुए हैं। हम नए संबंध बनाने, अविस्मरणीय अनुभव बनाने और इस राष्ट्र के सुंदर परिदृश्य में योगदान करने के लिए तत्पर हैं। यहां एक आशाजनक शुरुआत और बेहतरी से भरा भविष्य है।

उन्होंने कहा कि लक्जरी सैलून एक व्यापक रेंज प्रदान करता है। बाल और सौंदर्य सेवाओं के साथ-साथ उद्योग में महत्वाकांक्षी प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए एक अकादमी भी बनाया गया है।

अपनी विशेषज्ञता और रचनात्मकता के लिए प्रसिद्ध वरिष्ठ इतालवी हेयर स्टाइलिस्टों की एक टीम भी है।

उन्होंने कहा कि यह लक्जरी सैलून अपनी अनूठी पेशकशों से खुद को अलग करता है, जिसमें एक इन-हाउस कैफे, 7 किलोमीटर के दायरे में मर्सिडीज मेबैक में व्यक्तिगत पिक-अप और ड्रॉप सेवाएं दी जायेगी।

# 10 साल में 300 गुना बढ़ी स्टार्टअप की संख्या

## केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का दावा

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह का दावा है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 10 साल में देश में स्टार्टअप की संख्या करीब 300 गुना बढ़ी है। 2014 में देश में करीब 350 स्टार्टअप थे।

कार्मिक राज्य मंत्री ने रविवार को कहा, आज वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारत के पास है। खास बात है कि यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते यूनिकॉर्न का घर है।

यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप कंपनियों को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर से ज्यादा होता है।

सिंह ने कहा, मोदी सरकार के आने के बाद से अंतरिक्ष क्षेत्र पर ज्यादा जोर दिया है।

इसे निजी क्षेत्र के लिए खोले जाने के बाद से करीब चार वर्षों में अंतरिक्ष स्टार्टअप की संख्या इकाई अंक से बढ़कर तिहरे अंकों में पहुंच गई है।

### इस साल बनेंगे चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

सिंह ने कहा, मोदी सरकार के प्रयासों से देश 10 साल से कम अवधि में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने में कामयाब रहा। उम्मीद है कि इस साल हम चौथी व मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी बन जाएंगे।

सरकार ने 2047 तक भारत को दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के युवाओं को पीएम के रूप में मोदी ने यह समझाने का प्रयास किया कि रोजगार सिर्फ सरकारी नौकरी तक सीमित नहीं है। उन्होंने आजीविका के नए तरीकों को बढ़ावा दिया है, जो सरकारी नौकरी से अधिक आकर्षक हो सकते हैं।

# डिश टीवी ने लांच किया डिशटीवी स्मार्ट प्लस सेवा

नयी दिल्ली। डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को पुनर्परिभाषित करने के लिए आज डिश टीवी स्मार्ट प्लस लाँच करने की घोषणा की जिसमें टेलीविजन चैनलों के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म भी एक ही मंच पर उपलब्ध होंगे।

कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मनोज डोभाल और अभिनेत्री शेफाली शाह ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में इसको लाँच किया। इस मौके पर श्री डोभाल ने कहा कि डिश टीवी हमेशा से सबसे पहले पहल करता रहा है और अब टेलीविजन चैनलों और ओटीटी दोनों कंटेंटों को एक साथ मंच पर लेकर आया है। डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज पारिस्थितिकी तंत्र वॉचो-द ओटीटी सुपरऐप, सेट-टॉप बॉक्स सहित स्मार्ट उपकरणों और स्मार्ट एंड्रॉयड एसटीबी के माध्यम से किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, कभी भी मनोरंजन के लिए उपलब्ध है। डिश टीवी इन उपकरणों में अपनी सेवाओं को सहजता से एकीकृत करने के लिए शीर्ष टीवी और मोबाइल मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) के साथ भी सहयोग करेगा, जिससे सभी उपयोगकर्ता को भरपूर अनुभव मिलेगा।

उन्होंने कहा कि यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है। डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज के साथ, सभी डिश टीवी और डी2एच ग्राहक, जिनमें नए और मौजूदा ग्राहक भी शामिल हैं, अपने चुने हुए टीवी सब्सक्रिप्शन पैक के साथ लोकप्रिय ओटीटी ऐप का आनंद भी ले सकते हैं।

श्री डोभाल ने कहा, अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है, लोगों को अपने पसंदीदा कॉन्टेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज का लॉन्च सिर्फ एक प्रस्ताव से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है। यह भारत में मनोरंजन की खपत को फिर से परिभाषित करने की दृष्टि का प्रतीक है, जो स्मार्ट और बड़ी होती जा रही है। विकल्पों से भरे इस बाजार में, ग्राहक अक्सर खुद को अभिभूत महसूस करते हैं।

उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य समग्र और संपूर्ण मनोरंजन समाधान पेश करके उनकी पसंद को सरल बनाना है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि पारंपरिक टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों आज के युग में जरूरी हैं और हमारे प्रस्ताव के साथ, हमारा लक्ष्य उनके समान महत्व की पुष्टि करना है। डिश टीवी में ग्राहक संतुष्टि पर समझौता नहीं किया जा सकता है और हर निर्णय मूल्य और सुविधा प्रदान करने के आसपास केंद्रित होता है।

इस अवसर पर अभिनेत्री शेफाली शाह ने कहा एक कलाकार के रूप में, मेरा हमेशा से यह मानना रहा है कि प्लेटफार्म से ज्यादा कॉन्टेंट की क्वालिटी मायने रखती है। चाहे वह बड़ी स्क्रीन हो, छोटी स्क्रीन हो, या स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म हो, अगर कहानी आकर्षक और किरदार अच्छे हैं, इसे अच्छा लिखा गया है, तो यहीं असली जादू होता है। मैं ग्राहकों को एकसाथ मिलने वाली सर्विस सेवा के बंडल को देख उत्साहित हूं, यह एक फिल्म का टिकट पाने जैसा है जहाँ, पर्दे के पीछे की सभी सुविधाओं, निर्देशक की टिप्पणियों और एडिट किए गए दृश्यों तक पहुंचने का अनुभव नामो एकसाथ मिल रहा हो और डिश टीवी द्वारा लॉन्च किए गए डिश टीवी स्मार्ट प्लस सर्विसेज के जरिए, किसी भी समय और किसी भी वक्त दर्शक इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं।

# वर्ष 2004-14 का दशक खराब नीतियों, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा था



विशाखापत्तनम। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के 2014 से पहले के दस साल बुरी नीतियों और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए थे, लेकिन उसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक दशक में देश कोविड महामारी के बावजूद वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से उठ कर पांचवें स्थान पर पहुंच गया है।

वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी के तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वह जीआईटीएएम विश्वविद्यालय के विशाखापत्तनम परिसर में 'विकसित भारत की ओर यात्रा'विषय पर व्याखान दे रही थी।

उन्होंने कहा, 2014 से पहले, दस साल ख़राब नीतियों और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए थे। अर्थव्यवस्था 2004 में जहां थी वहां से भी नीचे चली गयी थी। 2004 में भारत 12वें स्थान पर था और 2014 में 10वें स्थान तक पहुंच सका। उन्होंने सवाल किया, उन दस वर्षों के निराशजनक कालखंड में हम केवल दो पायदान ही ऊपर क्यों उठ सके ?

श्रीमती सीतारमण ने कहा, दूरदर्शी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने सभी भ्रष्टाचार को रोका और सुनिश्चित किया, कोविड के बावजूद, हम पांचवें स्थान पर पहुंचे। उनके तीसरे कार्यकाल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

वित्त मंत्री ने कहा, 1991 में हमने अर्थव्यवस्था को खोलने का फैसला किया। नए अवसर पैदा हुए, विदेशों से अधिक संसाधन आए, जिससे बदालवा आया और हम आगे बढ़े। इसके बावजूद कई चीजें जो हो सकती थीं, नहीं हुईं। हमने महसूस किया कि उदारीकरण से भी भारत को कोई ज्यादा मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने इसके लिए पुरानी नीतियों को दोषी बताया।

श्रीमती सीतारमण ने पिछले कुछ दशकों की आर्थिक नीतियों के बारे में बात करते हुए कहा, लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए भारत के अपने प्रयास चल रहे थे, लेकिन वे असरदार नहीं थे। हमने अपनी अर्थव्यवस्था को जिस तरह बना रखा था उसके बोझ में हम सभी दब गए थे। सभी सबको एक ही पलड़े पर तौलने वाला फार्मूला अपनाया जा रहा था।

विकसित भारत मिशन में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा, हमें निराशा फैलाने वालों का सामना करने के लिए विकसित भारत के संदेश को मुखर करने वालों की आवश्यकता है। हमें अपने लिए और भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक विकसित देश बनने की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमें प्रयास करने होंगे कि हमारा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) बढ़े और सभी लोगों को उसका लाभ मिले।

उन्होंने कहा कि यह अपने आप नहीं होगा। इसके लिए इकाई के स्तर पर और समग्र स्तर पर धरातल पर प्रयास करने होंगे। हमें निवेश और नौकरियों में वृद्धि करने की जरूरत है। शिक्षा संस्थान खोलने है और यह देखना है कि लोगों के पास घर खरीदने और कारोबार करने के लिए पैसा हो।

इस कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने विद्यार्थियों के कई प्रश्नों के उत्तर दिए और और 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने सबके सहयोग और समर्पण को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया।

जीआईटीएएम विश्वविद्यालय के अध्यक्ष श्रीभारत मथुकुमिल्ली ने केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया।

# कंपनियों की आय की वृद्धि मार्च तिमाही में 4-6 प्रतिशत रहने का अनुमान : क्रिसिल

नयी दिल्ली। रेटिंग फर्म क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय कंपनी जगत की मार्च में समाप्त वित्तीय वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही की राजस्व वृद्धि 4-6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वृद्धि दर कोविड-19 महामारी से उबरने के बाद के दौर की सबसे धीमी वृद्धि है।

सोमवार को जारी क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार मार्च '24 तिमाही की धीमी वृद्धि के साथ कॉर्पोरेट राजस्व की वृद्धि वर्ष 2023-24 में 8 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स के वरिष्ठ निदेशक-अनुसंधान मिरेन लोढ़ा ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में वृद्धि सुधर कर 9-10 प्रतिशत तक जा सकती है।

उन्होंने कहा कि इसमें जिंसों पर कम निर्भरता वाले और बड़े पैमाने पर घरेलू मांग के लिये आपूर्ति करने वाले क्षेत्रों की वृद्धि की भूमिका प्रमुख होगी।

क्रिसिल की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह रिपोर्ट 350 कंपनियों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें वित्तीय सेवाओं और तेल और गैस क्षेत्र की कंपनियों को शामिल नहीं किया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि आय की वृद्धि दर में यह नरमी पिछले वर्षों की मजबूत वृद्धि के बाद हुई है और इसलिये इस पर ऊंचे तुलनात्मक आधार का भी प्रभाव है।

क्रिसिल का कहना है कि वह जिन 47 क्षेत्रों की कंपनियों पर निगाह रखता है उसमें केवल 12 की कारोबारी आय की वृद्धि दर तिमाही-दर-तिमाही क्रमिक और साल-दर-साल वृद्धि पहले से अच्छी होने का अनुमान है।

क्रिसिल ने कहा कि उसके विश्लेषण में महंगे टिकाऊ उपभोक्ता सामान और सेवा क्षेत्र की कंपनियों का चौथी तिमाही का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष कारों की अधिक संख्या में बिक्री और उनकी कीमतें बढ़ने से वाहन उद्योग की आय में स्वस्थ वृद्धि होने का अनुमान है। स्वस्थ शहरी मांग के कारण संगठित खुदरा क्षेत्र की आय में लगातार 13वीं तिमाही में वृद्धि हुई है।

### निर्यात क्षेत्र के लिये ब्याज सहायता योजना का विस्तार जरूरी : फियो अध्यक्ष कुमार

नयी दिल्ली। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने ब्याज समकारी योजना (आईईएस) भारतीय निर्यात की लागत संबंधी बाधा दूर करने के लिये सबसे प्रभावी उपाय बताते हुये इसके विस्तार की मांग की है। फियो की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में श्री कुमार के हवाले से कहा गया है, भारत में ब्याज दरें बहुत ऊंची हैं। ऐसे में यह योजना हमारे निर्यात, विशेष का छोटे और मझोले निर्यातकों को दुसरे देशों के निर्यातकों के समक्ष प्रतिस्पर्धा में जरूरी शक्ति प्रदान करती है। फियो ने कहा है कि भारत में रिजर्व बैंक की बैंक दर 6.5 प्रतिशत है, जबकि हमारे कई एशियाई देशों में समकक्ष दरें (नीतिगत दरें) लगभग 3.5 प्रतिशत है। फियो प्रमुख ने कहा कि भारत में कारोबार के लिए कर्ज की दरें इस आधार दर तुलनात्मक रूप से काफी ऊपर होती है और इस तरह कर्ज की लागत दूसरे देशों की तुलना में सामान्यत-5-6 प्रतिशत तक अधिक हैं। कुमार ने कहा कि ब्याज समानीकरण योजना की प्रासंगिकता आज बहुत अधिक है क्योंकि खरीदार लंबी अवधि का उधार मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मांग की मंदी और बाजार में बिक्री में कमी के अलावा निर्यातकों को समुद्र, वायु मार्ग के किरायों में भारी वृद्धि का भी सामना करना पड़ रहा है।

### फुजीफिल्म इंडिया मॉडल स्कूल प्रोग्राम का विस्तार

नयी दिल्ली। हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इमेजिंग और बिजनेस इनोवेशन कंपनी फुजीफिल्म इंडिया ने अपने सीएसआर कार्यक्रम फुजीफिल्म इंडिया मॉडल स्कूल प्रोग्राम को आगे बढ़ाते हुए सामुदायिक विकास और शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को गति दी है। कंपनी ने आज यहां बताया कि 2022-23 में शुरू किए अपने सीएसआर प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए कंपनी समाज के वंचित बच्चों को शिक्षा से संबंधित अवसरों को प्रदान करने के अपने मिशन के लिए काम कर रहा है। कंपनी ने अपने इस पहल के तहत गुरुग्राम और फरीदाबाद में तीन स्कूलों में नई जान फूंक दी।

# फिजिक्स वाला ने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों से किया देश लौटने का आग्रह

नयी दिल्ली। फिजिक्स वाला एड-टेक प्लेटफॉर्म के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अलख पांडे ने अमेरिका में पढ़ रहे भारतीय छात्रों से स्वदेश लौटने और देश के विकास के लिए योगदान देने का आग्रह किया है। इंस्टाग्राम पोस्ट में तस्वीरें शेयर करते हुए पांडे ने लिखा, जय हिंद, हमें हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी में वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया। वहां इंडियन स्टूडेंट्स को भारत वापस आकर या वहां रहकर भी भारत के लिए सीधे, आड़े-सीधे योगदान करने के लिए प्रेरित किया। हां, हमारे देश में बहुत सी कमियां हो सकती हैं, लेकिन कोई भी देश मुक्कमल नहीं होता, लेकिन देश के युवाओं को देश को बेहतर बनाने की। वन्दे मातरम्। फिजिक्स वाला के संस्थापक ने बताया कि उनकी पोस्ट को तीन लाख से ज्यादा लाइक मिल चुके हैं और संख्या लगातार बढ़ रही है। उनके पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, सभी भारतीय युवा जो विदेश में पढ़ रहे हैं। यदि आपके लिए संभव हो तो कृपया भारत लौट आएं और अपने देश को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। इस तरह लौटें जिस तरह गांधी लौटे, जिस तरह अंबेडकर लौटे, जिस तरह जेआरडी टाटा लौटे। उल्लेखनीय है कि फिजिक्स वाला की स्थापना श्री पांडे ने 2016 में की थी। शुरुआत में यह प्लेटफॉर्म इसी नाम के एक यूट्यूब चैनल से शुरू हुआ था, जहां पांडे का लक्ष्य संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) के लिए भौतिकी पढ़ाना था। पांडे को हाल ही में गेस्ट स्पीकर के रूप में हार्वर्ड विश्वविद्यालय, स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में आमंत्रित किया गया था।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
मंगलवार 30 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### युवा मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन जारी

**नई दिल्ली।** भारतीय युवा मुक्केबाजों ने एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए देश के लिए तीन पदक पक्के कर लिए हैं। बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने इस युवा चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर पदक पक्के कर लिए हैं। बृजेश (48 किग्रा) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक-एक दौर जीता, लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किग्रा) और सुमित (67 किग्रा) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किग्रा भार वर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो चुके हैं क्योंकि पांच महिला पहलवान अन्नु (48 किग्रा), पार्थवी ग्रेवाल (66 किग्रा), निकिता चंद (60 किग्रा), खुशी पूनिया (81 किग्रा) और निर्झरा बाना (81 प्लस किग्रा) सेमीफाइनल से अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकीं एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किग्रा) मंगलवार को उजबेकिस्तान की उक्तामोवा से खेलेंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने इस टूर्नामेंट में 50 सदस्यीय टीम भेजी है। इसमें 24 देशों के 390 से अधिक मुक्केबाज 25 भार वर्गों में हिस्सा ले रहे हैं।

### सिंधू-लक्ष्य और प्रणय समेत सात भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, ओलंपिक के लिए क्वालिफाई

नई दिल्ली। भारत के सात बैडमिंटन खिलाड़ियों ने आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया है। ये सात खिलाड़ी चार अलग-अलग श्रेणी के हैं। साई मीडिया ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। इन सभी खिलाड़ियों ने रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। ओलंपिक इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक खेला जाएगा। इन सात खिलाड़ियों में से हाल में क्वालिफाई करने वाले खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन हैं। इन दोनों ने पुरुष एकल वर्ग में बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया। वहीं, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधू ने महिला एकल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। वह इस वर्ग में भारत की अकेली प्रतिद्वंद्वी हैं। सिंधू ने 2016 रियो ओलंपिक में रजत पदक और 2021 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इससे पहले सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले ही पुरुष युगल वर्ग में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके हैं। दोनों की मौजूदा वर्ल्ड रैंकिंग तीन है। वहीं, महिला युगल में अश्विनी पोनप्पा और तनीशा क्रास्तो की जोड़ी ने ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। इन सातों खिलाड़ियों के हाथों में बैडमिंटन में भारत को पदक दिलाने की जिम्मेदारी होगी।

### गत चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराया


नई दिल्ली। डिफेंडिंग चैंपियंस भारत ने इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस कप बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में थाईलैंड को 4-1 से शिकस्त दी थी। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की शुरुआत शानदार रही थी। एच एच प्रणय ने हैरी हुआंग को 21-15, 21-15 से हराकर भारत को बढ़त दिलाई। इसके बाद सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बेन लेन और सीन वेंडी को युगल मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत को 3-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत की दूसरी युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। आखिरी मैच में किरण जॉर्ज ने चोलान कायान को 21-18, 21-12 से मात दी। भारत का सामना आखिरी ग्रुप मैच में 14 बार के चैम्पियन इंडोनेशिया से होगा। टीम इंडिया ने पिछले साल भी शानदार प्रदर्शन किया था और कई बड़ी टीमों को शिकस्त दी थी। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने उबेर कप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया।

### कैंडेस पार्कर ने बॉस्केटबॉल से लिया संन्यास



नयी दिल्ली। दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका की महान महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी कैंडेस पार्कर ने खेल से संन्यास की घोषणा की है। पार्कर ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर लिखा, मैं रिटायर हो रही हूं। उन्होंने कहा, मैंने वादा किया था कि मैं खेल से कभी धोखा नहीं करूंगी और मैं सही समय आने पर इसे छोड़ दूँगी। 38 वर्षीय खिलाड़ी ने लिखा, मेरे अंदर का प्रतिस्पर्धी हमेशा एक और चाहता है, लेकिन अब समय आ गया है। मेरा दिल और शरीर जानता है लेकिन मुझे इसे स्वीकार करने के लिए अपने दिमाग को समय देने की जरुरत थी। उन्होंने कहा, मुझे माफ कर दीजिए क्योंकि मैं थोड़ा शोक मना रही हूं, लेकिन कुछ समय बाद मैं खेल को अलग तरह से प्यार करने लगूंगी। उल्लेखनीय है कि पार्कर ने वर्ष 2008 और 2012 में ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता और तीन बार (वर्ष 2016, 2021 और 2023) में डब्ल्युएनबीए चैम्पियनशिप जीती है।

### इंटर मियामी की जीत में मेसी ने दागे दो गोल



मैसाचुसेट्स (अमेरिका)। इंटर मियामी के सुपरस्टार स्ट्राइकर लियोनल मेसी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) के मुकाबले में न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने अपनी फुटबाल टीम इंटर मियामी को 4-1 से जीत दिला दी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। उन्होंने मैच में दो गोल दागे। मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी, लेकिन मेसी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची (83वें मिनट) और मेसी के दोस्त लुईस सुआरेज (88वें मिनट) ने दागे। सुआरेज के गोल में मेसी ने मदद भी की।

### दीपिका कुमारी की टॉप्स कोर ग्रुप में हुई वापसी

नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने सोमवार को तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी और स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) कोर ग्रुप में शामिल किया है। खेल मंत्रालय की विशेष समिति ने आज यह घोषणा की। तीरंदाज दीपिका कुमारी की पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले टॉप्स कोर ग्रुप में वापसी हुई है, वहीं उभरते स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को भी इसमें शामिल किया गया है। टॉप्स भारतीय खेल मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम है जो संभावित ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं की पहचान करने और वित्तीय और ढांचागत सहायता प्रदान करके उनके प्रशिक्षण में मदद करता है। पेरिस ओलंपिक शुरू होने में तीन महीने से भी कम समय बचा है, दीपिका कुमारी ने पिछले हफ्ते शंघाई में तीरंदाजी विश्वकप चरण में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता था। 14 महीने के मातृत्व अवकाश से लौटने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह दीपिका का लगातार दूसरा पदक था। दीपिका ने फरवरी में 2024 एशिया कप में स्वर्ण पदक जीता था।

# न्यूजीलैंड ने टी-20 विश्वकप के लिए टीम का किया ऐलान

वेलिंग्टन। अमेरिका और वेस्टइंडीज मे होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए न्यूजीलैंड ने केन विलियमसन की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है।




अंगूठे की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज़ डेवन कॉन्वे और तेज गेदबाज ट्रेंट बोल्ड की टीम में वापसी हुई है।

टीम में टिम साउदी को भी जगह दी गई है। बेन सीयर्स को एकमात्र ट्रैवलिंग रिजर्व बनाया गया है।

न्यूजीलैंट टीम में अनुभवी खिलाड़ियों को तरजीह दी गई है। 15-सदस्यीय टीम में केवल रचिन रवींद्र और मैट हेनरी ही ऐसे सदस्य हैं जोकि पहली बार टी-20 विश्व कप में भाग ले रहे है। चोट के कारण तेज गेंदबाज ऐडम मिल्न और काइल जेमीसन चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे।

फिन ऐलेन पीठ की चोट से उबर चुके हैं और वह कॉन्वे के साथ सलामी बल्लेबाज की भूमिका में नजर आएंगे। पाकिस्तान दौरे पर गई टीम से सिर्फ माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जेम्स नीशम और ईश सोढ़ी ही इस विश्वकप टीम में जगह मिली हैं।

न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड के अनुसार यह एक संतुलित टीम है। उन्होंने कहा, वेस्टइंडीज़ की अलग-अलग पिचों पर हम अलग-अलग परिस्थितियों की अपेक्षा कर रहे हैं और मुझे लगता है कि हमने जो टीम चुनी है, वे इन अलग-अलग परिस्थितियों में अनुकूलित होने में सक्षम हैं।

न्यूजीलैंड टीम : केन विलियमसन (कप्तान), फिन ऐलेन, ट्रेंट बोल्ट, माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवन कॉन्वे, लॉकी फार्ग्यूसन, मैट हेनरी, डैरिल मिचेल, जेम्स नीशम, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिचेल सैंटनर, ईश सोढ़ी, टिम साउदी और बेन सीयर्स (रिजर्व)

### पदक जीते भारत के तीरंदाज

नई दिल्ली। विश्व कप में प्रशिक्षकों की भारी भूल के बावजूद तीरंदाजों ने स्वर्णिम प्रदर्शन किया। फाइनल के दौरान भारतीय तीरंदाजों के साथ प्रशिक्षकों को जाने से रोक दिया गया। बावजूद इसके तीरंदाजों ने पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीत विश्वकप में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। आर्चरी फील्ड में एक से अधिक प्रशिक्षकों की मौजूदगी पर आयोजकों ने प्रशिक्षकों को न सिर्फ निलंबित किया बल्कि उन पर आर्थिक जुर्माना भी ठोका है। आयोजकों ने तीसरी चेतावनी में भारतीय कोचेज को आर्चरी फील्ड में जाने से रोका और जुर्माना लगाया।

#### तीसरी गलती पर की गई कार्रवाई

नियमों के अनुसार आर्चरी फील्ड (एफओपी) में टीम के साथ सिर्फ एक कोच को जाने की इजाजत होती है। यह प्रशिक्षक तीरंदाज के पीछे खड़ा होकर उसे निर्देश देता है। सूत्रों की मानें तो मुकाबले के दौरान कोच की मौजूदगी के बावजूद एक अन्य वरिष्ठ कोच भी एफओपी में चले गए। इस पर उन्हें पहली चेतावनी दी गई, लेकिन इस बारे में साथी कोचेज को नहीं बताया गया। अगले मुकाबले में दूसरा कोच एफओपी में चला गया। इस पर छोटा आर्थिक दंड लगाया गया, लेकिन तीसरी बार जब यह गलती दोहराई गई तो न सिर्फ आर्थिक जुर्माना बढ़ाया गया बल्कि टीम के साथ किसी भी कोच को एफओपी में जाने से रोक दिया गया। जिसके चलते भारतीय तीरंदाजों को बिना कोच के फाइनल खेलने पड़े।

#### पहली बार हुआ ऐसा मामला

सूत्रों की मानें को जुर्माना एक लाख रुपये के आसपास है। तीरंदाजी संघ के एक पदाधिकारी का कहना है कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि कोचेज को निलंबित कर आर्थिक जुर्माना लगाया गया हो। मैनेजर से रिपोर्ट मांगी गई है। इसकी समीक्षा के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### खेल उद्योग स्याही लगी उंगली दिखाने पर खेल के सामान की खरीद पर देगा 25 प्रतिशत की छूट

जालंधर। खेल उद्योग संघ ने आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने वालों को खेल सामानों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने आज व्यापारी संघों, स्पोर्ट्स गुड्स एसोसिएशन के सदस्यों से एक जून को लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिये मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनने का आग्रह किया। इस दौरान खेल उद्योग से जुड़े व्यापारियों/ उद्योगपतियों की एक बैठक को संबोधित करते हुये डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने उनसे कहा कि वे अपनी-अपनी औद्योगिक इकाइयों पर मतदाता जागरूकता के संबंध में साइन बोर्ड/बैनर आदि लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें ताकि कर्मचारी/श्रमिक अपने मतदान के अधिकार के प्रति संवेदनशील बनें। खेल उद्योग संघों के प्रतिनिधियों ने घोषणा की कि खेल उद्योग से संबंधित औद्योगिक इकाइयां अपने श्रमिकों को मतदान के दिन की पूर्व संध्या पर रात की पाली से छूट देंगी ताकि वे अगले दिन अपना मतदान कर सकें। उद्योगपतियों और व्यापारियों ने भी अपने श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुये जागरूकता अभियान में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने जीएम इंडस्ट्री को मतदाता जागरूकता में सहायता करने के अलावा चुनावी प्रक्रिया में उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये व्यापारी संघ के संपर्क में रहने के लिये भी कहा।

# भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम इंग्लैंड को हराकर थॉमस कप के क्वार्टरफाइनल में

चेंगदू। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली।

विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और



सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया।

पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली।

एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया, इससे पहले किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया।

भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।

वहीं भारतीय महिला टीम ने भी अब तक अपने दो मैचों में कनाडा और सिंगापुर पर 4-1 की समान जीत के साथ अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# इजराइल-हमास में जल्द हो सकता है सीजफायर

**हमास बोला- नए समझौते में कोई दिक्कत नहीं; इजराइल ने कहा- बंधकों की रिहाई से जंग नहीं रुकेगी**

जंग के 6 महीने बाद इजराइल और हमास के बीच जल्द ही दूसरा सीजफायर हो सकता है। न्यूज एजेंसी एएफपी के मुताबिक हमास ने इजराइली बंधकों को छोड़ने के समझौते पर अपनी सहमति जताई है। हमास ने कहा है कि उन्हें मिस्र और इजराइल के प्रपोजल से किसी भी तरह की परेशानी नहीं है।

एएफपी ने एक अधिकारी के हवाले से बताया कि जब तक इजराइल कोई दिक्कत पैदा न करें, हमास को मिस्र के प्रपोजल पर कोई खास परेशानी नहीं है। हमास के अधिकारी ने कहा कि सीनियर लीडर खलील अल-हैय्या के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 29 अप्रैल यानी आज काहिरा (कायरो) में मिस्र और कतरी मीडिएटर्स के सामने प्रपोजल पर हमास का जवाब देगा।

वहीं कतर के मीडिया अल-अरबी अल-जदीद के मुताबिक, मिस्र ने मीटिंग के लिए इजराइली डेलिगेशन को भी बुलाया है, ताकि समझौते की



प्रक्रिया में तेजी आ सके और जरूरी चीजों पर बात की सके।

#### समझौता करवाने में जुटे हैं मिस्र, कतर और अमेरिका

मिस्र, कतर और अमेरिका साथ मिलकर हमास और इजराइल के बीच सीजफायर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। तीनों देशों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रपोजल पर बातचीत करने के लिए एक हाई-लेवल डेलिगेशन इजराइल भेजा था। अब दोनों देशों के बीच सीजफायर को लेकर काहिरा में बातचीत होगी।

इससे पहले कतर और मिस्र की मध्यस्थता के बाद नवंबर में इजराइल-हमास के बीच पहली बार 4 दिन के लिए सीजफायर हुआ था। इस दौरान हमास ने 112 बंधकों को रिहा किया था। वहीं इजराइल ने भी जेल में बंद 240 से ज्यादा फिलिस्तिनियों को छोड़ा था।

#### गाजा में कई रियायतें देने के लिए तैयार इजराइल

हमास और इजराइल के बीच सीजफायर और बंधकों को छोड़ने के समझौते से जुड़ी डीटेल्स सामने नहीं आई है। हालांकि, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें 33 इजराइली बंधकों की रिहाई की बात है। इसके बदले इजराइल बड़ी संख्या में जेल में बंद फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ेगा।

हिब्रू मीडिया चैनलों के मुताबिक इजराइल उत्तरी गाजा में फिलिस्तीनियों को लौटने की इजाजत देने जैसी कई बड़ी रियायतें देने को तैयार है। हालांकि इजराइल का यह भी कहना है कि वो बंधकों की रिहाई के बदले गाजा में युद्ध खत्म नहीं करेगा।

#### इजराइल ने हमास को दिया है आखिरी मौका

6 महीने की जंग में इजराइल ने राफा छोड़कर पूरे गाजा पर कब्जा कर लिया है। राफा पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को समझौते का आखिरी मौका दिया था। इजराइल ने कहा था कि अगर हमास समझौता स्वीकार नहीं करता है, इजराइल राफा पर बड़ा हमला करेगा।

इसी कारण मिस्र का डेलिगेशन दोनों पक्षों में समझौते करवाने को कोशिश कर रहा है। पिछले दिनों रिपोर्ट आई थी कि मिस्र बंधकों को छोड़ने के लिए हमास पर दबाव बनाने की तैयारी कर रहा है। दरअसल राफा मिस्र की बॉर्डर के पास है। इसलिए उसे डर है कि अगर इजराइली सेना राफा पर हमला करेगी, तो बड़ी संख्या में शरणार्थी मिस्र में घुसने की कोशिश करेंगे।

# दुबई में बन रहा दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट

**35 अरब डॉलर खर्च करेगा यूएई; 400 टर्मिनल गेट होंगे, हर साल आएंगे 26 करोड़ पैसेंजर**

दुबई। यूएई के दुबई में दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनने जा रहा है। इसका नाम अल मखतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। अल जजीरा के मुताबिक इसे बनाने में 35 अरब डॉलर, यानी करीब 2.92 लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यूएई के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मखतूम ने रविवार को सोशल मीडिया पर खुद इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नया एयरपोर्ट दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से 5 गुना बड़ा होगा। हर साल यहां से 26 करोड़ पैसेंजर यात्रा करेंगे। यह प्रोजेक्ट दुबई के अल मखतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शुरू होगा। यहां 5 पैरेलल रनवे होंगे, यानी एक साथ 5 विमान यहां से टेकऑफ या लैंड कर सकेंगे। इसके अलावा एयरपोर्ट पर 400 टर्मिनल गेट होंगे।



#### 10 साल में बनकर तैयार होगा अल मखतूम एयरपोर्ट

प्रधानमंत्री ने बताया कि नए एयरपोर्ट के डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है। इस एयरपोर्ट का कुल एरिया 70 स्क्वायर किमी होगा।

अगले 10 साल में इसे बनाने का टारगेट रखा गया है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऑपरेशन को नए अल मखतूम हवाई अड्डे पर ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

इस प्रोजेक्ट के तहत दुबई साउथ में एयरपोर्ट के चारों ओर एक पूरा शहर बसाया जाएगा। इससे 10 लाख लोगों के हाउसिंग प्रोजेक्ट का काम भी पूरा होगा। दुबई एयरपोर्ट इस वक्त दुनिया का सबसे व्यस्त अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। साल 2022 में इस एयरपोर्ट से करीब 6.6 करोड़ यात्री गुजरे थे।

### केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटने से करीब 40 लोगों की मौत

नाकुरु, केन्या। केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक कस्बे में बांध टूटने से करीब 40 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 40 शव बरामद किये। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि खोज और बचाव अभियान जारी रहने के कारण हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। चुनौतीपूर्ण इलाके के कारण बचाव अभियान में बाधा उत्पन्न हुई, जहां पानी का बहाव तेज था।

### इजरायल के हमले में 20 फिलीस्तीनियों की मौत

गाजा। दक्षिण गाजा पट्टी के राफा शहर के तीन आवासीय इमारतों पर इजरायल की ओर से किए गए हवाई हमलों में करीब 20 फिलीस्तीनी मारे गये हैं। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा ने सोमवार को बताया कि गाजा पट्टी के राफा शहर के आवासीय क्षेत्र में रविवार रात इजरायल ने हवाई हमले किए जिसमें करीब 20 लोगों की जान चली गयी। पीड़ितों में बच्चे और महिलाएं शामिल हैं ओर कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। नागरिक सुरक्षा दल उन्हें बचाने के लिए काम कर रहे हैं। ये हमले काहिरा में हमास नेताओं और मिस्र के मध्यस्थों के बीच नए दौर की संघर्ष विराम वार्ता से ठीक पहले हुये। सूत्रों के अनुसाार गाजा में युद्धविराम के संबंध में आंदोलन की प्रतिक्रिया देने और इज़रायल के साथ बंधक और कैदियों की अदला-बदली समझौते पर बातचीत करने के लिए हमास प्रतिनिधिमंडल आज काहिरा जाने वाला है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा है कि पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायल की ओर से किए गये हमलों में करीब 66 फिलिस्तीनियों की मौत हो गयी और अन्य 138 घायल हो गए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल सात अक्टूबर को इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में मरने वालों की कुल संख्या 34,454 तक पहुंच गयी है और 77,575 लोग घायल हो गए।

### पाकिस्तान में देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान शुरू

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी सरकार ने 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो की बूंद पिलाने के लक्ष्य के साथ सोमवार को देशव्यापी पोलियो विरोधी अभियान शुरू किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवाओं, विनियमों और समन्वय पर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के समन्वयक मुख्तार अहमद भरत ने एक बयान में कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी बच्चे इस भयावह बीमारी से सुरक्षित रहें। भरत ने कहा, हाल के महीनों में देश में कई सीवेज नमूनों में पोलियो वायरस पाया गया है, जिसका मतलब है कि यह वायरस बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा बना हुआ है। उन्होंने लोगों से बेझिझक होकर बच्चों का टीकाकरण कराने का आग्रह किया। समन्वयक ने कहा,हम आपके घरों में पोलियो टीमें भेज रहे हैं, इसलिए टीका लगाने वालों के लिए अपने दरवाजे अवश्य खोलें और अपने बच्चाों को पालियो की बूंद पिलायें। अधिकारी ने घोषणा की कि पांच साल से कम उम्र के 2.4 करोड़ से अधिक बच्चों को पोलियो वायरस से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान देश के 91 जिलों में शुरू किया गया है। यह अभियान देश की राजधानी इस्लामाबाद, पूर्वी पंजाब प्रांत के 10 जिलों, दक्षिणी सिंध के 24 जिलों, उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा के 26 जिलों और दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत के 30 जिलों में शुरू हुआ।

### श्रीलंका ने ब्रिक्स प्लस में शामिल होने की इच्छा जतायी

कोलंबो। श्रीलंका ने निकट भविष्य में ब्रिक्स प्लस में शामिल होने की इच्छा जतायी है। रूस में श्रीलंका की राजदूत जनिथा अबेविक्रेमा लियानगे ने हाल ही में मीडिया में यह टिप्पणी दी थी। लियानगे ने यह टिप्पणी रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में सुरक्षा मुद्दों के लिए उत्तरदायी उच्च प्रतिनिधियों की हालिया अंतरराष्ट्रीय बैठक में श्रीलंका की भागीदारी के बाद दी। उन्होंने कहा, निकट भविष्य में ब्रिक्सप्लस में शामिल होने की इच्छा है। इससे परिवहन, खाद्य सुरक्षा के साथ और भी बहुत से लाभ सुनिश्चित करना संभव हो पाएगा। ब्रिक्स एक उभरते बाजार सहकारी तंत्र का संक्षिप्त रूप है जिसमें शुरुआत से ही ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। गौरतलब है कि एक जनवरी को रूस इस वर्ष के लिए ब्रिक्स का अध्यक्ष बना। इसकी शुरुआत संगठन में नए सदस्यों के शामिल होने से हुई, अब इसमें रूसी संघ, ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब भी शामिल हैं। जिससे सदस्य देशों की संख्या पांच से दोगुनी होकर 10 हो गयी है। सभी नए सदस्यों के शामिल होने के बाद, ब्रिक्स की सदस्यता 3.6 अरब लोगों की आबादी वाले 10 देशों तक फैल गई, जो कुल वैश्विक आबादी का लगभग आधा है।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

नई दिल्ली
मंगलवार 30 अप्रैल 2024
Www.gauravshalibharat.com

# हर 6 व्यक्ति नि:संतानता से परेशान क्यों ? भारत और इन देशों में दर ज्यादा : डॉ चंचल शर्मा

नि:संतानता की समस्या अब किसी एक देश की न रहकर वैश्विक समस्या बन चुकी है। यह समस्या खासतौर से ईस्टर्न देशों में पायी जाती है जैसे भारत, चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड आदि देश नि:संतानता की समस्या से जूझ रहे हैं। वहीँ भूमध्यसागरीय देखों की फर्टिलिटी बहुत अच्छी है। जब कोई भी स्वस्थ दंपत्ति लगातार एक साल तक असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाकर गर्भवती होने की कोशिश करता है और उसमे विफल हो जाता है तो उस स्थिति को नि:संतानता कहते हैं। यह दोष महिला या पुरुष दोनों में हो सकता है इसलिए आप केवल महिला को इसके लिए दोषी नहीं ठहरा सकते हैं। भारत जैसे देश में हर छठा व्यक्ति इसका सामना कर रहा है। लोगों का बिगड़ता स्वास्थ्य, जीवनशैली, खानपान, आदि ऐसे कारक हैं जो फर्टिलिटी पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। अन्य कारकों को देखे तो देर से शादी करना, शारब पीना, स्मोकिंग करना या अन्य किसी नशीले पदार्थ का सेवन करना आपकी फर्टिलिटी को कम कर सकता है।

भारत के क्षेत्रों की बात करें तो दिल्ली, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों में नि:संतानता की दर अधिक है। WHO की स्टडी की माने तो यह आंकड़ा 15-49 वर्ष की महिलाओं की जन्मदर के आधार पर निकला जाता है।



### उपचार की महँगी कीमत

आशा आयुर्वेदा की डायरेक्टर और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ चंचल शर्मा कहती हैं नि:संतानता की बढ़ती समस्या का एक कारण इसके उपचार की उच्च लागत भी है क्यूंकि बहुत से लोग सही समय पर बीमारी का पता भी लगा लेते हैं और संतान प्राप्ति का प्रयास भी करते हैं लेकिन IVF जैसी चिकित्सा सुविधाएं हर किसी के वश की बात नहीं है इसलिए अक्सर गरीब घरों में संतान प्राप्ति का यह सुख अधूरा रह जाता है। लेकिन लोगो को यह बात समझनी होगी कि सिर्फ सर्जरी या एलोपैथी के द्वारा ही इसका समाधान संभव नहीं है बल्कि उससे ज्यादा सफलता दर आयुर्वेदिक उपचार की है जो भारत में बहुत समय से चलती आ रही है और यह किसी भी पेशेंट के लिए अफोर्डेबल है। इसमें बिना किसी सर्जरी के सिर्फ दवाओं, थेरेपी, योगा प्राणायाम और डाइट के द्वारा मरीजों को नैचुरली कंसीव करने का मौका मिलता है।

### आवश्यक उपाय

यदि भारत जैसे विकासशील देश के नजरिये से देखें तो लगता है कि सबसे बड़ी जरुरत है लोगों के बिच में जागरूकता पैदा करना जिससे लोग खुलकर आपस में इन समस्याओं के बारे में बात कर सके और एक दूसरे को नि:संतानता के लिए आरोपित न करें बल्कि एक दूसरे का इस मुश्किल घडी में साथ दें।

दूसरी बात लोगों को यह समझना होगा की यह कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। हमारी चिकित्सा विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है की सब संभव हो चूका है इसलिए इसमें निराश होने की कोई बात नहीं है। लोगों की ज़िन्दगी में बढ़ता तनाव भी इसका एक प्रमुख कारण है इसलिए जितना हो सकते खुद को शारीरिक और मानसिक रूप से तनाव रहित रखें।

ये कुछ ऐसे बिंदु है जिसपे ध्यान देकर आप नि:संतानता से छुटकारा पा सकते हैं। यदि आप भी ऐसी समस्या का सामना कर रहे है तो परेशान न हों और अपने पास के किसी अच्छे डॉ से कंसल्ट करें और अपनी बीमारी का कारण जानने की कोशिश करें।

आप चाहें तो आशा आयुर्वेदा के क्लिनिक में अपॉइंटमेंट लेकर आ सकते हैं यहाँ पूर्णत: आयुर्वेदिक उपचार के माध्यम से आपका ट्रीटमेंट किया जायेगा जिसका सफलता दर 95 प्रतिशत तक दर्ज किया गया है।

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए निर्वाचन आयोग मुस्तैद

## राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देशों को हो रहा पालन, ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

लखनऊ। लोकसभा चुनाव-2024 को उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। प्रवर्तन एजेंसियों, उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी की जब्ती संबंधी कार्रवाई निरंतर जारी है। इसके तहत 1 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई हैद्य सिर्फ 28 अप्रैल की ही बात करें तो प्रदेश में 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई।

### निष्पक्ष मतदान के लिए निरंतर हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में आबकारी, आयकर, पुलिस, नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से पहली मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की गई हैद्य इसमें 3211.02 लाख रुपये नकद, 4583.70 लाख रुपये की शराब, 21850.88 लाख रुपये की ड्रग्स, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गई।

### 28 अप्रैल को 182.07 लाख रुपये के सामान जब्त

आबकारी, आयकर, पुलिस, नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 अप्रैल को कुल 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग्स व नकदी जब्त की गई। इसमें 4.39 लाख रुपये नकद, 51.58 लाख रुपये की 18989.75 लीटर शराब, 112.38 लाख रुपये की 441702.58 ग्राम ड्रग्स व 13.72 लाख रुपये कीमत की 5916 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गईं।

### यहां हुई कार्रवाई

28 अप्रैल को प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित 90.42 लाख रुपये की 361700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग्स तथा आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग्स पकड़ी गई।

# भाजपा ने हमेशा किया आरक्षण का समर्थन : मेनका

सुलतानपुर। पूर्व केंद्रीय मन्त्री व सुलतानपुर से लोकसभा प्रत्याशी सांसद मेनका गांधी ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने हमेशा आरक्षण का समर्थन किया है। एससी एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई बन्द नही कर सकता।

गांधी ने अपने चुनावी दौरे में नुक्कड़ सभाओं में कहा कि विपक्ष झूठ बोल रहा है।

उनके पास कोई विजन रणनीति व मुद्दा नही है। अब झूठ व जात- पात की राजनीति करने वालों के दिन गए। विकास सुशासन व सेवा की राजनीति को जनता पसंद करती है।

सोमवार को चुनावी जनसंपर्क के 25 वें दिन इसौली विधानसभा में डेढ़ दर्जन नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

गांधी ने बताया कि उन्होंने पांच वर्षों में 5000 गरीबों की शादी करवाई है। इसमें हिंदू और मुसलमान दोनों की शादियां होती हैं। भाजपा गरीबों व वंचितों की हितैषी पार्टी है।

प्रधानमंत्री ने पिछले 5 सालों में हर गरीब की मदद की है। हर गांव में काम किया है।मोदी जी का झंडा कार्यकर्ता गांव-गांव में लहरा रहे हैं।

गांधी ने अपने तमाम बड़े-बड़े विकास कार्यों को गिनाते हुए बताया कि कुड़वार स्थित रामलीला मैदान में 50 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल, हाईमास्ट लाइट,पार्क व शौचालय का निर्माण का काम हो रहा है।

उन्होने इसौली विधानसभा के पूरे शिवदयाल गजेहडी, सौहगौली, प्रतापपुर प्रथम, इसरौली, खरगिनपुर हरखपुर, बहलोलपुर,राजापुर विनायकपुर,बेला पश्चिम,बहमरपुर बबुरी, अलीगंज बाजार, हसनपुर एवं शहर के ठठेरी बाजार में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया।

# सोसाइटी के चुनाव में रजिस्ट्रार सोसाइटी को दखल का हक नहीं


प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कहा है कि रजिस्ट्रार सोसाइटी को सोसाइटी के पदाधिकारियों के चुनाव में दखल देने का हक नहीं है। वह केवल सक्षम प्राधिकारी को संदर्भित कर सकता है और विवाद होने पर सोसाइटी पदाधिकारियों की वैधता की जांच कर सकता है। अदालत ने सहायक रजिस्ट्रार सोसायटी झांसी के आदेश को रद्द कर दिया और नये सिरे से विचार कर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला ने आर्य कन्या पाठशाला समिति व तीन अन्य की याचिका को स्वीकार करते हुए दिया है। याचिका में सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसायटी और चिट्स, झाँसी द्वारा पारित आदेश 19 सितंबर 2023 के आदेश को चुनौती दी गई थी। इस आदेश के तहत सहायक रजिस्ट्रार ने सोसायटी की 30 अक्तूबर 2021 और 10 जून 2023 की चुनाव कार्यवाही को अमान्य घोषित कर दिया था। विपक्षी ने याचिका की पोषणीयता पर सवाल खड़े किए और कहा कि रजिस्ट्रार सोसाइटी ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला लिया है। याची ने कहा कि सोसायटी के प्रबंधकीय विवाद का निर्णय धारा 25(1) के तहत निर्धारित प्राधिकारी द्वारा किया जा सकता है। सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 और सहायक रजिस्ट्रार के पास सोसायटी की प्रबंधन समिति के चुनावों की वैधता पर निर्णय लेने का कोई अधिकार नहीं है। गौरतलब है कि आर्य कन्या पाठशाला समिति, शिपरी बाजार, झाँसी सोसायटी पंजीकृत एक सोसायटी है। सोसायटी की प्रबंधन समिति के चुनाव 13 जून 2018 को हुए थे। सोसायटी की प्रबंधन समिति के दो पदाधिकारियों यानी उप प्रबंधक और कोषाध्यक्ष की मृत्यु हो गई और इसलिए, आकस्मिक रिक्तियों में, याची संख्या दो और तीन को प्रबंधन समिति के प्रस्ताव के माध्यम से क्रमश: उप प्रबंधक और कोषाध्यक्ष के रूप में योजित किया गया।

# पीलीभीत में पशुशाला में घुसा तेंदुआ सात घंटे बाद पिंजरे में

पीलीभीत । उत्तर प्रदेश में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के जंगल से भटक कर आबादी के निकट पहुंचे तेंदुए ने ग्रामीण के घर के पास बनी पशुशाला में दहशत फैलाए रखी। वन विभाग के सूत्रों ने बताया कि न्यूरिया थाना क्षेत्र के अलीगंज गांव मे सोमवार सुबह प्रेम शंकर के घर के पास बनी पशुशाला में अचानक तेंदुआ आ गया। सुबह सात बजे घुसे तेंदुए ने पशुशाला अंदर जाकर दहशत फैला दी। तेंदुए को पशुशाला के अंदर देखकर परिवार के लोग दरवाजा बंद कर सड़क पर आकर खड़े हो गए। पूरे मामले की सूचना मौके पर पहुंचे ग्रामीणों की सूचना के बाद वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई। तेंदुए को चारों ओर से जाल लगाकर घेर लिया गया। इसके बाद पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वेटरनरी डॉक्टर दक्ष गंगवार के नेतृत्व में तेंदुए को रेस्क्यू करने के लिए अभियान चलाकर दो घंटे बाद तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया गया।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पसंद आया नायक में अनिल कपूर का किरदार

मुंबई (अनिल बेदाग)। मेगास्टार अनिल कपूर ने अपने करियर में कुछ सबसे यादगार भूमिकाएँ निभाई हैं और उनमें से एक उनकी फिल्म नायक है। इस फिल्म की चर्चा अक्सर उनके फैंस द्वारा की जाती रही है और अब इसने फिर से सुर्खियां बटोर ली हैं। हाल ही में, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मनीष पॉल के पॉडकास्ट पर एक साफ बातचीत के दौरान खुलासा किया कि उन्हें एस शंकर निर्देशित फिल्म में अनिल कपूर की भूमिका पसंद आई, जिसमें एक्टर एक दिन के लिए मुख्यमंत्री का पद संभालते हैं।



शिंदे से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी मुख्यमंत्री बनने का सपना देखा था या 2001 की रिलीज से प्रेरणा ली थी, तो उन्होंने जवाब दिया, फिल्म फिल्म है, वास्तविकता वास्तविकता है और कुछ भी नहीं (हालांकि फिल्में प्रेरित कर सकती हैं, वास्तविकता वास्तविकता होती है) राजनेता ने यह भी खुलासा किया कि वह नायक में अनिल कपूर के करैक्टर के प्रोएक्टिव अप्रोच की प्रशंसा करते हैं। यह दिलचस्प है कि कैसे नायक समय की कसौटी पर खरा उतरा है। वास्तव में, नायक 2 को लेकर अटकलें थीं, जो सामने आईं अनिल कपूर को मुंबई में निर्देशक एस शंकर के साथ देखा गया।

इस बीच, अनिल कपूर लगातार सफलताओं के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्हें आखिरी बार एनिमल और फाइटर में देखा गया था, जिसने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था बल्कि लंबे समय तक ओटीटी स्पेस पर भी राज किया था।

ऐसी अफवाह है कि एक्टर वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में शामिल हो रहे हैं। कथित तौर पर, वह अजय देवगन-स्टारर दे दे प्यार दे 2 में भी नज़र आएंगे। फिलहाल, उनके फैंस सुरेश त्रिवेणी की सूबेदार की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं।

# 'चाल खाल' बनाकर पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में जुटें डॉ बिक्रान्त तिवारी

मुंबई (अनिल बेदाग)। पर्यावरण संरक्षण पर काम करने वाले डॉ बिक्रान्त तिवारी पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी नैनीताल के नाई गांव में चाल खाल बना रहे हैं। उत्तराखंड में पारंपरिक रूप से पानी रोकने के लिए बनाए जाने वाले तालाबों को चाल व खाल कहते हैं, इनकी वजह से जमीन में नमी बनी रहती है और आग कम फैलती है। इस वर्ष पर्यावरण प्रेमी एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करने वाले डॉ बिक्रान्त तिवारी एक हजार से ज्यादा चाल खाल बनवा रहे हैं। डॉ बिक्रान्त तिवारी ने बताया कि इन चाल खाल से लगभग चालीस लाख लीटर वर्षा का पानी सालाना संचय होगा। इन चाल खाल से न केवल भूमि का जल स्तर बढ़ेगा बल्कि मिट्टी कटाव कम होगा, यहां के वन्य प्राणी को भी फायदा होगा। नमी के स्तर को बढ़ा देने से जंगलों में आग लगने की संभावना भी कम होती है।




डॉ बिक्रान्त तिवारी ने कहा कि जब सभी कहते हैं कि पहाड़ों की जवानी और पानी ठहरती नही है तो उसके लिए मजबूत और सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है। और इन्ही को रोकने के लिए डॉ बिक्रान्त तिवारी बिना किसी विलंब के लाखों लीटर पानी बचाने का प्रयास स्थानीय लोगों के साथ मिल कर रहे हैं।

वर्ल्ड अर्थ डे, पर शुरू किया गया यह काम आगामी विश्व पर्यावरण दिवस तक पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि डॉ बिक्रान्त तिवारी पर्यावरण के क्षेत्र में देश भर में पहले से ही 2 करोड़ से ज्यादा वृक्षारोपण द्वारा लोगों को जागरूक कर रहे हैं। उत्तराखंड में भी लाखों पौधे पिछले कई वर्षों में उन्होंने लगवाया है। निजी स्तर पर लाखो लीटर वर्षा जल संचयन का यह प्रयास स्थानीय लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने वाले पर्यावरण प्रेमी डॉ बिक्रान्त तिवारी ने अब तक 2 करोड़ से ज्यादा पौधों का वृक्षारोपण किया है, उत्तराखंड में भी लाखों पौधे पिछले कई वर्षों में उन्होंने लगवाया है। डॉ बिक्रान्त तिवारी इस वर्ष एक हजार से ज्यादा जल स्रोत को रिचार्ज करने में अहम योगदान दे रहे हैं. जिसमें वर्षा जल जमा हो रहा है, जो न केवल वन्यजीवों की प्यास बुझा रहा है बल्कि, जल स्रोत को पुनर्जीवित कर रहा है. चाल खाल में पानी जमा होने से जमीन को काफी फायदा मिलता है. जंगली जानवरों को पानी मुहैया होने के साथ मैदानी इलाकों में बाढ़ जैसी घटनाओं को रोकने में सहायक होता है. तेज बारिश में पानी पहाड़ों से सीधे उतरकर नदी नालों में जाता है. जिससे जलस्तर बढ़ जाता है, जो आगे जाकर सैलाब का रूप ले लेता है और तबाही मचाता है. ऐसे में चाल खाल का निर्माण करवाकर बारिश के पानी को रोककर नदियों में जाने से रोका जा सकता है।

### जलवायु परिवर्तन का असर पूरी

दुनिया पर पड़ रहा है, लेकिन पहाड़ी इलाकों में इसके गंभीर बदलाव देखने को मिल रहे हैं। खेती-किसानी सहित लोगों की आजीविका को भी जलवायु परिवर्तन गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। सबसे ज्यादा समस्या जल की है।

गहराता जल संकट भविष्य की एक गंभीर चुनौती के रूप में लोगों के सामने आ रहा है, लेकिन यही पानी अधिक बारिश के रूप में पर्वतीय इलाकों के लिए तबाही भी ला रहा है। डॉ बिक्रान्त तिवारी वर्षा जल संरक्षण के लिए चाल, खाल और खंतियां बनाकर पहाड़ को जल संकट से उभारने का प्रयास कर रहे हैं। इस कार्य में डॉ बिक्रान्त तिवारी के साथ नाई गांव के लोग भी विशेष रूप से योगदान दे रहें हैं।

# भाजपा यूपी में सभी 80 सीटें जीतेगी : केशव

एजेंसी

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सभी 80 सीटें जीत कर केंद्र में प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनाएगी।

बीआरपी इंटर कॉलेज के मैदान में जौनपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह और मछली शहर (सुरक्षित) के प्रत्याशी एवं सांसद बीपी सरोज की नामांकन सभा को संबोधित करते हुये मौर्य ने सोमवार को कहा कि देश के जिन गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, चार जून के बाद ऐसे तीन करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री आवास मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश, एक चुनाव की पहल की, इसके साथ ही सबके लिए एक कानून हो समान नागरिकता कानून लाने के लिए 400 पार चाहिए। कश्मीर से धारा 370 हटाए जाने की प्रशंसा करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि पाक के कब्जे वाला कश्मीर भारत का अखंड हिस्सा है और हमारी सरकार जब तक वहां तिरंगा नहीं फहरा लेती तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे।

मौर्य ने कहा कि भारत पर आज दुनिया की नजर है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे शक्तिशाली नेता हैं, इसलिए भारत का दुनिया में डंका बज रहा है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह वही भारत है जो कांग्रेस के नेतृत्व में एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सका, 10 साल मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवें स्थान पर है और तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनते ही तीसरे स्थान पर अर्थव्यवस्था होगी।

## शार्ट न्यूज

### बैलगाड़ी में वोट मांगने निकले जयवीर

**मैनपुरी।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को अपनेपन का अहसास दिलाने के लिये उम्मीदवार तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी और योगी सरकार के मंत्री जयवीर सिंह बैलगाड़ी पर सवार होकर जनसंपर्क के लिये निकले। जयवीर आज चुनाव प्रचार दौरान वह अपने समर्थकों के साथ जब वोट मांगने निकले तो गाड़ियों का शोर नहीं था, बल्कि इसके विपरीत वो बैलगाड़ी से चुनाव प्रचार करते नजर आए। वे जसवंतनगर के चौबिया कस्बे में वोट मांग रहे थे। जसवंतनगर सपा का गढ़ माना जाता है। यहां से शिवपाल सिंह यादव विधायक हैं और यहां से सपा को लोकसभा चुनाव में बड़ी लीड मिलती है। जसवंतनगर मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का भाग है। भाजपा प्रत्याशी ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को गृह मंत्री अमित शाह ने किशनी की चुनावी सभा में यह कहकर और जोश भर दिया कि आप जयवीर को जिताओ, जयवीर को बड़ा आदमी बनाने का काम नरेंद्र मोदी करेंगे। जयवीर सिंह को वाई श्रेणी की सुरक्षा भी मिल गयी है। जयवीर सिंह का आज का अनोखा चुनाव प्रचार मीडिया की सुर्खियों में रहा। विलुप्त सी हो चुकी बैलगाड़ी पर जयवीर सिंह के चुनाव प्रचार से लोगों को अपने पुराने दिन याद आ गए ।83 साल के सुखदेव चतुर्वेदी कहते है कि जयवीर सिंह का बैलगाड़ी से चुनाव प्रचार करना अच्छा लगा उनको 80 व 90 के दशक के वह दिन याद आ गए जब रिश्तेदारी में जाने का बैलगाडी प्रमुख साधन था।

### भाजपा ने जांच एजेंसियों का भी राजनीतिकरण कर दिया : मायावती

बदायूं । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि केंद्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जांच एजेंसियों का भी राजनीतिकरण कर दिया है। एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने विरोधी पार्टियों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की तरह भाजपा सरकार नें भी एजेंसियों क़ा राजनीतिकरण कर दिया है मगर अब भाजपा सत्ता में नही आयेगी। मायावती नें जिले में इस्लाम नगर के कांधरपुर में बसपा के पक्ष में मतदान करने के लिये एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि केंद्र सरकार नें आरक्षण क़ा कोटा भी पूरा नही किया है। आज प्रदेश में मुस्लिम लोगों की हालत दयनीय बनी हुई है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों से किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है और देश की सीमाएं भी आज सुरक्षित नही यह चिंता क़ा विषय है। उन्होने कहा कि आज अकेले दम पर बसपा पूरी दमदारी के साथ चुनाव लड़ रही है सपा क़ा रवैया टिकट देने क़ा कैसा होता है यह हिन्दू भी जानते हैं मुस्लिम भी जानते हैं। जहाँ मुस्लिम आबादी ज्यादा होती हैं वहा सपा के परिवार से ही कोई चुनाव लड़ता है। बसपा सुप्रीमोने कहा आप सब जानते हैं कि टिकट देने के मामले में बसपा पक्षपात नही करती है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा केंद्र की सत्ता में वापस आने वाली नही है। अब भाजपा की गांरटी जुमले बाजी भी काम नही आयेगी।

### होम्योपैथी के नुस्खे नेताजी को देंगे थकान और तनाव से राहत

इटावा। प्रचंड गर्मी के बीच चुनाव प्रचार में जुटे राजनेता और प्रत्याशी दिन भर की थकान और तनाव से राहत तरह तरह के नुस्खे अपना रहे हैं मगर इटावा के एक चिकित्सक का दावा है कि होम्योपैथी ऐसी समस्यायों के निदान के लिये सबसे कारगर है। सात चरणों में संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव का तीसरा चरण पहुंचते पहुंचते उत्तर प्रदेश समेत समूचा उत्तर भारत प्रचंड गर्मी की चपेट में आ चुका है और बढ़ता तापमान न सिर्फ समर्थकों के जोश को प्रभावित कर रहा है बल्कि राजनेताओं और प्रत्याशियों के लिये भी मुसीबत का सबब बन रहा है। चिकित्सकों का मानना है कि चुनाव प्रचार में रात दिन जुट़ने के कारण कई प्रकार की शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जिसमें तनाव और थकान खास है। इसके साथ ही अनिद्रा भी परेशान कर सकती है और लगातार बोलते रहने से, भाषण देने से गला खराब होने जैसी स्थितियां भी उत्पन्न हो जाती है। हालांकि इन सभी समस्यायों का निदान होम्योपैथी का पास मौजूद है और होम्योपैथी के नुस्खे रामबाण की तरह काम करते हैं। इनका सेवन करने से कई बीमारियों से राहत मिल सकती है और चुनाव प्रचार अभियान के दौरान होने वाले तनाव और थकान से भी राहत मिलेगी।

### इलाहाबाद से उज्वल रमन ने भरा पर्चा

प्रयागराज। उज्ज्वल रमण सिंह ने इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के तौर पर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उज्ज्वल रमण सिंह नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले संगम तट पर लेटे बड़े हनुमान जी का दर्शन पूजन कर जीत के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने करीब 2.15 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ कांग्रेस के पूर्व विधायक अनुग्रह नरायण सिंह, शेखर बहुगुणा, समाजवादी पार्टी एमएलसी मानसिंह यादव, पंधारी यादव, अब्दुल सलमान, रवीन्द्र यादव समेत कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के अनेक नेता और कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री रहे उज्ज्वल रमण सिंह ने पिछले दिनो ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सपा के साथ गठबंधन में इलाहाबाद की सीट कांग्रेस के पास है जबकि फूलपुर लोकसभा सीट पर सपा ने अमरनाथ मौर्य को अपना प्रत्याशी बनाया है। उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि आज का दौर बहुत कठिन है। संविधान खतरे में है। इस दौर में एक जैसी विचाराधारा के सभी लोगों को एकजुट होकर लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लडनी होगी। उन्होंने मतदाताओं से किसी भी प्रकार के बहकावे में नहीं आने का अनुरोध किया है।

### भारत ने जताया कनाडा से कड़ा विरोध

नयी दिल्ली। भारत ने कनाडा में वहां के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के एक कार्यक्रम में खालिस्तानी अलगाववादी नारे लगाए जाने पर सोमवार को यहां कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बाद में एक बयान में कहा कि कनाडा में आयोजित एक कार्यक्रम में, जिसे कनाडाई प्रधानमंत्री व्यक्तिगत रूप से संबोधित कर रहे थे, में 'खालिस्तान' पर अलगाववादी नारे लगाए जाने के संबंध में कनाडा के उप उच्चायुक्त को विदेश मंत्रालय में आज तलब किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडाई राजनयिक से इस आयोजन में इस तरह की परेशान करने वाली कार्रवाइयों को अनियंत्रित रूप से जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार की ओर से गहरी चिंता और कड़ा विरोध व्यक्त किया गया। भारत ने कहा कि यह एक बार कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को प्रदान किये गये राजनीतिक स्थान को दर्शाता है। ऐसे तत्वों की निरंतर अभिव्यक्तियाँ न केवल भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती हैं, बल्कि कनाडा में वहां के ही नागरिकों के लिए हिंसा और आपराधिकता के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

### खालिस्तान समर्थक नारों के विरोध में भारत ने कनाडाई उप उच्चायुक्त को किया तलब

नयी दिल्ली। भारत ने टोरंटो में सिख समुदाय के एक कार्यक्रम में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की उपस्थिति में खालिस्तान समर्थक अलगाववादी नारे लगाए जाने पर सोमवार को कड़ा विरोध जताया तथा इस संदर्भ में कनाडाई उप उच्चायुक्त को तलब किया। एक बयान में कहा गया है कि कनाडाई उप उच्चायुक्त को आज यहां विदेश मंत्रालय कार्यालय में बुलाया गया और उन्होंने कार्यक्रम में इस तरह की परेशान करने वाली गतिविधियों को अनियंत्रित रूप से जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार की गहरी चिंता और कड़े विरोध से अवगत कराया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह घटना 'एक बार फिर उस राजनीतिक स्थान को दर्शाती है जो कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को दिया गया है।' विदेश मंत्रालय ने कहा,उनकी निरंतर अभिव्यक्ति न केवल भारत-कनाडा संबंधों को प्रभावित करती है, बल्कि कनाडा में अपने नागरिकों के नुकसान के लिए हिंसा और आपराधिकता के माहौल को भी बढ़ावा देती है।

CMYK CMYK CMYK CMYK